वर्ष 24, अंक 254, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 24 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट बर्दाश्त नहीं'

## मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग के बीच पीएम मोदी ने संसद से दिया कड़ा मैसेज

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग के चलते भारत के सामने खड़ी हुई चुनौतियों की जानकारी दी. प्रधानमंत्री ने कहा, पश्चिमी एशिया में हालात चिंताजनक हैं. जंग को तीन सप्ताह से ज्यादा बीत चुके हैं, जिससे भारत के सामने भी अप्रत्याशित चुनौतियों खड़ी हुई हैं. उन्होंने यह भी कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट बर्दाश्त नहीं है.

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा मानना है और हम पहले भी कह चुके हैं कि संवाद और कूटनीति ही एक मात्र समाधान है. आगे कहा, युद्ध मानवता के लिए किसी भी प्रकार से हित में नहीं है. भारत सभी पक्षों को इसे शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है. उन्होंने कहा, 'लेकिन कमर्शियल जहाजों पर हमले और होर्मुज में ऑफ स्ट्रेट में रुकावट स्वीकार्य नहीं हैं.'

'युद्ध से भारत की चिंताएं स्वभाविक'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'युद्ध लड़ रहे और उससे प्रभावित देशों के साथ भारत के व्यापक और व्यापारिक रिश्ते हैं. जिस क्षेत्र में जंग छिड़ी है, वह दुनिया के दूसरे देशों के साथ भारत के व्यापार का भी अहम रूट है. खासकर कच्चे तेल और गैस की जरूरतों का बड़ा हिस्सा यहीं से पूरा होता है. उन्होंने मिडिल ईस्ट में रहने और काम करने वाले भारतीयों का जिक्र करते हुए कहा, हमारे लिए ये क्षेत्र एक और कारण से भी अहम है. लगभग एक करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं और वहां काम करते हैं. वहां समंदर में जो कमर्शियल शिप चलते हैं, उनमें भारतीय क्रू मैंबर की संख्या भी बहुत ज्यादा है. ऐसे अलग-अलग कारणों के चलते भारत की चिंताएं स्वभाविक रूप से अधिक हैं.'

'मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीयों की मदद जारी'

पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध की शुरूआत के बाद से भारतीयों को जरूरी मदद दी जा रही है. उन्होंने पश्चिम एशिया के देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ दो राउंड की फोन पर बातचीत की और सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का भरोसा दिलाया. उन्होंने कहा प्रभावित देशों में भारतीय की मदद के लिए सभी जरूरी मिशन जुटे हुए हैं. सभी को हर संभव मदद दी जा रही है. भारत और अन्य प्रभावित देशों में 24 घंटों कंट्रोल रूम और आपातकालीन हेल्पलाइन जारी की गई हैं।



### युद्ध संकट: प्रियंका चतुर्वेदी का बड़ा बयान, 'मैं पीएम के भाषण का स्वागत करती हूं

**लोकसभा** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार (23 मार्च) को मिडिल ईस्ट में चल रही जंग के बीच अपनी बात रखी. इसे लेकर उद्धव ठाकरे गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान युद्ध का भारत पर गहरा असर पड़ा है क्योंकि हमारी ऊर्जा सुरक्षा का एक बड़ा हिस्सा युद्धग्रस्त क्षेत्र से आता है. शिवसेना (यूबीटी) नेता ने ये भी कहा कि पीएम मोदी को युद्ध के एक हफ्ते के अंदर देश की जनता को आश्वस्त करते हुए ऊर्जा भंडार को लेकर बेहतर तैयारी करनी चाहिए थी.

प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "मेरा मानना ??है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इजरायल और ईरान में युद्ध के एक हफ्ते के भीतर ही देश की जनता को आश्वस्त करना चाहिए था, और हमें नियमों पर आधारित व्यवस्था के बिगड़ने पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए था, साथ ही स्टॉक रिजर्व के मामले में बेहतर तैयारी करनी चाहिए थी, फिर भी मैं पीएम मोदी के संबोधन का स्वागत करती हूं."

# संसद में बहस नहीं कर सकते- राहुल गांधी




**नई दिल्ली**

आज लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर टिप्पणी करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका का नाम न लेने के लिए उनकी आलोचना की और कहा कि वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूरी तरह से नियंत्रण में हैं। वडोदरा में आदिवासी अधिकार संविधान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी संसद में बहस नहीं कर सकते क्योंकि वे समझौता कर चुके हैं।

राहुल ने कहा कि सुना है... प्रधानमंत्री ने 25 मिनट का भाषण दिया है। लेकिन मेरी गारंटी है- वो पार्लियामेंट में डिबेट नहीं कर सकते, क्योंकि उङ्केस्त्र१ङ्केरीं हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अभी 25 मिनट का भाषण दिया, लेकिन अमेरिका के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला। नरेंद्र मोदी 100% ट्रंप के कंट्रोल में हैं। ट्रंप के सामने नरेंद्र मोदी 'चूं' तक नहीं कर सकते। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रंप ने नरेंद्र मोदी को 'कंट्रोल' कर रखा है। दो कारण हैं: पहला एस्त्र२३ल्ल और दूसरा अल्लि। नरेंद्र मोदी ने ट्रंप से कहा: आप जो हुक्म करेंगे, हम वही करेंगे। हम आपसे पूछे बिना किसी से तेल और नेचुरल गैस नहीं खरीदेंगे।

अपने हमला जारी रखते हुए राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने ट्रेड डील कर भारत का कृषि सेक्टर अमेरिका के लिए खोल दिया। हमारे यहां छोटे खेत होते हैं, वहीं अमेरिका में हजारों एकड़ के बड़े खेत होते हैं।

हमारे यहां लोग हाथ से काम करते हैं और वहां बड़ी मशीनों से काम होता है। अगर अमेरिका का माल भारत आने लगा तो हमारे किसान बर्बाद हो जाएंगे। हमें मिलकर संविधान की रक्षा करनी है। संविधान की रक्षा में ही हिंदुस्तान के आदिवासियों, गरीबों, मजदूरों की रक्षा है। अगर संविधान खत्म हो गया तो हमारे पास कुछ नहीं बचेगा।

# 'विकसित-हरित दिल्ली' का रोड मैप तैयार

## अब राजधानी की तस्वीर बदलेगी- सीएम रेखा

**नई दिल्ली**

**सोमवार** को दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र का शुभारंभ पारंपरिक 'खीर समारोह' के साथ हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' के दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने कहा कि आगामी बजट दिल्ली के लगभग 3 करोड़ निवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि 'खीर समारोह' न केवल बजट प्रक्रिया की एक पारंपरिक शुरूआत है, बल्कि समृद्धि, शुभता और जन कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है, जो आगामी बजट में परिलक्षित होंगे।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ-साथ किसान, स्कूली छात्र, शिक्षक, डॉक्टर, ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य, महिला ड्राइवर और मीडियाकर्मी भी उपस्थित थे। समारोह के दौरान, किसानों ने मुख्यमंत्री गुप्ता को पारंपरिक पगड़ी भेंट करके उन्हें सम्मानित किया। मंत्रिमंडल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मंजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्रराज सिंह और कपिल मिश्रा के साथ-साथ विधायक और कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का दूसरा बजट दिल्ली के विकास को गति देगा। उन्होंने आधिकारिक बयान में कहा कि यह बजट न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का माध्यम भी बनेगा। यह बजट एक ऐसे दिल्ली के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है जहां नागरिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, उत्कृष्ट शिक्षा, मजबूत बुनियादी ढांचे और स्वच्छ एवं हरित वातावरण के साथ रह सकें। इस बजट में छात्रों के लिए बेहतर सुविधाओं, स्वास्थ्य क्षेत्र में मजबूत बुनियादी ढांचे, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और हरित वातावरण को प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ह्यविकसित दिल्ली, हरित दिल्लीह्न सिर्फ एक नारा नहीं है; यह सरकार का एक स्पष्ट दृष्टिकोण है जिसका उद्देश्य एक सकारात्मक, सुरक्षित और समृद्ध वातावरण बनाना है जहाँ नागरिक सुख और संतुष्टि के साथ जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि पिछले वर्ष सरकार ने दिल्ली की दिशा बदलने के लिए काम किया और अब इस बजट के माध्यम से राजधानी की स्थिति में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट पर अटैक से अमेरिका पर भड़का रूस

## क्रेमलिन ने कहा- अब तो एक ही रास्ता बचा

**ईरान**

**ईरान** के पर्शियन गल्फ तट पर स्थित बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट पर हुए हमले की रूस ने निंदा की. क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने सोमवार (23 मार्च 2026) को कहा कि बुशहर न्यूक्लियर प्लांट के पास अमेरिकी-इजरायली हमले बेहद खतरनाक हैं. क्रेमलिन ने कहा कि रूस ने इस हमले से जुडी चिंताएं अमेरिका के साथ शेयर की है.

परमाणु सुविधाओं पर हमले खतरनाक: रूस

दिमित्री पेस्कोव ने कहा, 'हमारा मानना है कि परमाणु सुविधाओं पर हमले बहुत खतरनाक हो सकते हैं. रूस ने इस मुद्दे पर बेहद जिम्मेदार रुख अपनाते हुए बार-बार अपनी चिंता व्यक्त की है.' क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि ईरान में चल रहे जंग को राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान की ओर मोड़ा जाना चाहिए था. उन्होंने कहा, 'यही एकमात्र उपाय है जो इस क्षेत्र में उत्पन्न हुई भयावह तनावपूर्ण स्थिति को शांत करने में मदद कर सकता है.'



रूस ने बुशहर परमाणु पावर प्लांट को निशाना बनाए जाने की धमकी को भी गलत बताया था. पेसकोव ने कहा कि ईरान में बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास यूएस-इजरायली हमले बहुत खतरनाक हैं और रूस ने अपनी बात अमेरिका तक पहुंचा दी है, साथ ही कहा कि ऐसे हमलों के नतीजे भयावह हो सकते हैं जिसकी भरपाई नहीं हो सकती.

नतांज परमाणु परिसर पर वर ने किया था हमला

हाल ही में ईरान के नतांज परमाणु परिसर पर भी हमला किया गया था. रूस ने तब भी इस हमले की निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन करार दिया था. इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि रेडियोएक्टिव रिसाव नहीं हुआ, लेकिन एहतियात बरता जाना चाहिए.

संघर्ष शुरू होने के बाद नतांज पर ये दूसरा हमला था।

# प्रयागराज: कोल्ड स्टोरेज हादसे में 4 मजदूरों की मौत

## सीएम योगी ने जताया दुख, मुआवजे का ऐलान

**प्रयागराज**

**उत्तर** प्रदेश के प्रयागराज के फाफामऊ के चंदापुर आदर्श कोल्ड स्टोरेज हादसे में अब तक 12 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने की जानकारी आई है, जबकि इस हादसे में चार मजदूरों की मौत की पुष्टि हुई है. प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान किया है. डीएम ने बताया कि घायलों को 50-50 हजार व मृतकों को दो-दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा. इसके साथ ही लापरवाही के मामले में कोल्ड स्टोरेज के मालिक सपा नेता अंसार अहमद के करीबियों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है. मौके पर अभी राहत और बचाव कार्य जारी है.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के फाफामऊ में हुई घटना का संज्ञान लिया और मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की. मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की. मुख्यमंत्री ने घायलों को भी 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की. मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए।

# 'हर संकट का बोझ आखिर लोगों पर ही क्यों?'

## प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर केजरीवाल का पलटवार

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मिडिल ईस्ट के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में दिए बयान के बाद पलटवार किया है.

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अरविंद केजरीवाल ने लिखा कि मोदी सरकार मध्य पूर्व में युद्ध से पैदा हुए संकट को संभालने में पूरी तरह विफल रही है. शेयर बाजार गिर रहा है, एलपीजी की कमी के कारण कई कारोबार बंद हो गए हैं, लोग भीषण गर्मी में सिलेंडर के लिए कतारों में खड़े हैं, प्रवासी मजदूरों की रोजी-रोटी छिन गई है और रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर को छू रहा है.




आप नेता ने लिखा कि पूरी दुनिया को पता था कि युद्ध किसी भी समय छिड़ सकता है. फिर मोदी सरकार बिना तैयारी के क्यों पकड़ी गई? पहले से पर्याप्त व्यवस्था क्यों नहीं की गई और वैकल्पिक आपूर्ति क्यों सुनिश्चित नहीं की गई?

उन्होंने लिखा कि हर संकट का बोझ आखिर लोगों पर ही क्यों डाला जाता है? इस सरकार की नाकामियों की कीमत आम आदमी को ही क्यों चुकानी पड़ती है?

प्रधानमंत्री ने लोकसभा में क्या कहा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है ।

# एटा में मुस्लिम परिवार की ईद की खुशियां मातम में बदलीं, 20 घंटे के अंदर पिता-पुत्र की मौत

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के एटा जनपद के जलेसर कस्बे में एक मुस्लिम परिवार की ईद की खुशियां उस समय मातम में बदल गयीं, जब 20 घंटे के भीतर ही एक ही परिवार के अंदर पिता और पुत्र दोनों की मौत हो गयी और दोनों को गमगीन माहौल में एक साथ ही सुपुर्द ए खाक किया गया. परिजनों के साथ-साथ पूरे गांव में मातम छा गया.

जलेसर कस्बे के मकसूदपुर गांव के निवासी 70 वर्षीय रफीक खा की तबियत ठीक नहीं थी. उनके बम्बई में रहने वाले 40 साल के बेटे जकील ने ईद के अवसर पर घर में आकर पिता का इलाज कराया और उनको आगरा डॉक्टर को दिखाने ले गए. 19 मार्च को रात में जानकारी बेटा पिता को आगरा के डॉक्टर को दिखा कर घर पर लाया. सभी लोग ईद मनाने की खुशियों में मशगूल थे कि तभी अचानक रात में जकील को कारडियक अरेस्ट का अटैक पद गया और उसकी मौत हो गयी.

बेटे की मौत से पिता को सदमा

अचानक बेटे की मौत से घर में कोहराम मच गया और सभी लोग और आस पास के क्षेत्र के लोग गमगीन हो गए.

बेटे की खबर सुनकर बीमा? पिता को गहरा आघात लगा और उनकी भी हालत बिगड़ती चली गयी।

# दिल्लीवालों को लगेगा झटका! अगले महीने से बढ़ सकती हैं बिजली की दरें

**नई दिल्ली**

दिल्लीवासियों को महंगाई का एक और झटका लगने वाला है. दरअसल, राजधानी में अप्रैल से बिजली की दरों में वृद्धि होने का अनुमान है. दिल्ली सरकार तीन बिजली वितरण कंपनियों को 38,000 करोड़ रुपये से अधिक के लंबित बकाये के भुगतान की तैयारी कर रही है जिसके चलते बिजली दरें बढ़ने की संभावना है. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. हालांकि सरकार उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए बिजली दरों में होने वाली वृद्धि पर सब्सिडी देने की योजना भी बना रही है.

सुप्रीम कोर्ट का आदेश - 27,200 करोड़ भुगतान करे दिल्ली सरकार



पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि दिल्ली की तीन निजी वितरण कंपनियों BRPL, BYPL और TPDDL को सात साल के भीतर 27,200 करोड़ रुपये की वहन लागत सहित नियामक परिसंपत्तियों का भुगतान किया जाए. यह नियामक परिसंपत्तियां वे लागतें हैं जिनकी भविष्य में वसूली होने की उम्मीद है।

# धामी सरकार के 4 साल: पीएम मोदी ने दी बधाई

## बोले- विकास और सुशासन की नई पहचान बना उत्तराखंड

**उत्तराखंड**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री को भेजे गए अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा है कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है.

प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि देवभूमि सदियों से आस्था, अध्यात्म, साहस और समृद्ध परंपराओं की भूमि रही है. यहां की विविध भाषाएं-बोलियां, लोक परंपराएं और सरल जीवनशैली प्रदेश को विशिष्ट पहचान देती हैं.

नई ऊंचाइयों को छू रहा है उत्तराखंड- पीएम मोदी

उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में हमारी सरकार बनी है, तब से उत्तराखंड ह्यविकसित भारतह्न के संकल्प के अनुरूप लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है. चार धाम ऑल वेदर रोड परियोजना के तहत चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन के माध्यम से प्रदेश में रेल संपर्क को मजबूत किया जा रहा है.



प्रधानमंत्री ने प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने और शीतकालीन पर्यटन को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को भी सराहा. उन्होंने कहा कि इन पहलों से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि पलायन रोकने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी मदद मिली है. अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्टार्टअप्स को बढ़ावा और डिजिटल और हरित विकास जैसे प्रयासों को सराहनीय बताया.

आपदा प्रबंधन राज्य की प्रगति के लिए जरूरी- पीएम मोदी

साथ ही पीएम मोदी ने आपदा प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को राज्य की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत, शव फेंकने का आरोप, क्षेत्र में सनसनी

**अखंड भारत संदेश**

कौंधियारा प्रयागराज। क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां ट्रैक्टर से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामबाबू पटेल (35) पुत्र रामतीर्थ निवासी अकोढ़ा गांव के मजरा सिटकहिया के रूप में हुई है। वह टीकरी गांव स्थित सडगुड दास के भट्ठे पर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामबाबू पटेल शुक्रवार को ईंट लदे ट्रैक्टर के साथ गौरा गांव की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गौरा गांव स्थित मोरी के पास पहुंचा, अचानक उसे चक्कर आ गया और वह ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ने तत्काल इसकी सूचना भट्ठा मालिक को दी। वहीं, ग्रामीणों का आरोप है कि भट्ठा संचालक ने मामले को दबाने के प्रयास में अपने निजी वाहन से मृतक के शव को सोनाई-अकोढ़ा मार्ग स्थित नहर के पास फेंक दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

सूचना मिलते ही कौंधियारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और घटना के सभी पहलुओं को गंभीरता से खंगाल रही है।

इधर, मृतक के घर पर कोहराम मचा हुआ है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं परिजनों और ग्रामीणों में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों की ओर से थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# समाधान दिवस में 102 शिकायतें पहुंचीं, 8 का मौके पर निस्तारण, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** तहसील सदर में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों की जमीनी स्तर पर जांच कर निर्धारित समयसीमा में निस्तारण करें। साथ ही शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर उन्हें संतुष्ट करना भी सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम के दौरान एक गंभीर शिकायत सामने आई, जिसमें ग्राम हटवा निवासी अबु हुजैफा ने लेखपाल पर जमीन की पैमाइश और कब्जा मुक्त कराने के नाम पर पांच लाख रुपये लेने का आरोप लगाया। इस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र को मामले की जांच सौंपते हुए संबंधित लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 102 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें राजस्व विभाग की 37, नगर निगम की 19, पुलिस विभाग की 14 और अन्य विभागों की 32 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से 8 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए तय समयसीमा में समाधान के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य, अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र, उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, तहसीलदार अनिल पाठक समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 7 साल के आरव साई ने किया प्रयागराज का नाम रोशन, जीता प्रथम स्थान




**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयाग संगीत समिति द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता इस वर्ष अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य रूप से सम्पन्न हुई। देशभर से आए प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुमार आरव साँई ने अपने मधुर और प्रभावशाली गायन से सभी निर्णायकों और श्रोताओं का मन मोह लिया। अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर उन्होंने गायन वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर प्रयागराज का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम में संगीत और नृत्य की विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से भारतीय संगीत और संस्कृति को नई दिशा और ऊर्जा मिलती है।

शताब्दी वर्ष के इस विशेष आयोजन ने न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि कला प्रेमियों के लिए भी एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। कुमार आरव साँई की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

## सेंट मेरिज स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप शुरू, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

**कोरांव।** क्षेत्र के तराव स्थित सेंट मेरिज स्कूल में सोमवार से दस दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 23 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समर कैंप का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जॉर्ज मेडेपल्ली ने मुख्य अतिथि सूर्यमणि कुशवाहा व शिक्षकों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए गए। इसके बाद फीता काटकर कैंप का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर में बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है। इसमें क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और खो-खो जैसे आउटडोर खेलों के साथ-साथ कैरम, लूडो और शतरंज जैसे इनडोर खेल शामिल हैं। इसके अलावा नृत्य, संगीत, हारमोनियम, तबला, आर्ट एंड क्राफ्ट, इंग्लिश स्पोकन और राइटिंग की भी प्रशिक्षण व्यवस्था की गई है। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक विकास को बढ़ावा मिलता है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के लिए उपयोगी बताया।

# नौगवां अतरैला में भीषण आग गृहस्थी राख, एक पशु जिंदा जला



**प्रयागराज।** के कौंधियारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौगवां अतरैला गांव में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। यह आग सुशील कुमार पटेल पुत्र होरीलाल पटेल के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय परिवार के लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकल आए, लेकिन गृहस्थी का सामान बचाया नहीं जा सका। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास स्थित गौशाला भी इसकी चपेट में आ गई, जहां बंधा एक पशु जिंदा जल गया। इस घटना से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल है। आग लगने की सूचना मिलते ही गांव के स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना देर किए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बाल्टी, पाइप और अन्य संसाधनों की मदद से करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि समय रहते ग्रामीण एकजुट होकर प्रयास न करते, तो आग आसपास के अन्य घरों तक भी फैल सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 पर दी, जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने प्राथमिक जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है। इस हादसे ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की कमी को उजागर कर दिया है। पीड़ित परिवार पूरी तरह से बेघर और असहाय हो गया है, जिसे तत्काल मदद की आवश्यकता है।

## स्कंदमाता की पूजा अर्चना में जुटे भक्त

**करछना।** वासंतिक नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को स्कंदमाता की आराधना को लेकर क्षेत्र के देवी मंदिर और शक्तिपीठ देररात तक गुलजार रहे।मंदिरों पर जुटे भक्तों ने पूजा अर्चना कर देवी की आराधना करते हुए प्रसन्न किया।नौ दिनी ब्रत ?खने वाले लोग भी जलाभिषेक करते हुए धूप दीप जलाकर देवी पूजा करते देखे गये।करछना स्थित मां कालीशक्तिपीठ सहित नारायणी धाम नरैना, बौलिया देवी भुंडा, मां विन्ध्यवासिनी धाम चकमिश्रान, शीतलाधाम हिंदूपुर, मां शीतलाधाम रामगढ़, मंशा देवी संजई, मां काली शक्तिपीठ भड़ेवरा, काली शक्तिपीठ हनुमानपुर, घोरहट स्थित जरियन देवी आदि देवी शक्तिपीठों और मंदिरों पर सुबह से ही महिलाएं जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए पहुंची जहां दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।जगह-जगह मां की आराधना करते हुए गांव के लोग कीर्तन भी करते है।ऐसा ही भड़ेवरा गांव में देखा जा रहा।

## भूमि विवाद में न्यायालय के निर्देशों का पालन न होने का आरोप

**करछना।** तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम निरिया निवासी शारदा प्रसाद ने भूमि विवाद के मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन न होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने मामले के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक पालन नहीं हुआ। इसके बाद अवमानना याचिका में भी न्यायालय ने एक माह के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि संबंधित भूमि पर उन्हें कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है, जबकि राजस्व अभिलेखों में स्थिति स्पष्ट है। उन्होंने प्रशासन से राजस्व व पुलिस टीम गठित कर शीघ्र कब्जा दिलाने की मांग की है।

# हिंदी भाषा में श्रुतलेख से बच्चों का निखरेगा कौशल : बीईओ वीरेंद्र कुमार

- श्रृंगवेरपुर धाम के फतेहपुर कायस्थान बीआरसी में आयोजित हुई प्रतियोगिता
- हिंदी और अंग्रेजी भाषा के लिखने पढ़ने की शुद्धता के उद्देश्य से हुई परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



प्रतियोगिता की जांच पड़ताल करते खंड शिक्षाधिकारी वीरेंद्र कुमार कनौजिया



आयोजित प्रतियोगिता का कापियों का मूल्यांकन करती शिक्षिकाएं

**लालगोपालगंज।** भाषा संबंधी कौशलों के विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रारंभिक स्तर पर स्पेल-बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

श्रृंगवेरपुर धाम ब्लॉक स्थित फतेहपुर कायस्थान मानव संसाधन केंद्र में सोमवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर (कक्षा 3, 4, 5) तथा उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6, 7, 8) के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने सुबह 10 बजे तक अपना पंजीकरण कराया, जिसके बाद संकुल स्तर पर चयनित विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। पूरे ब्लॉक से प्रत्येक स्तर के एक-एक छात्र-छात्रा का चयन कर उन्हें प्रतियोगिता में शामिल किया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन तीन कक्षों में किया गया, जहां हिंदी और अंग्रेजी विषयों पर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के बाद उपस्थित शिक्षकों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। परिणाम घोषित होने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार कनौजिया ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करना प्रमुख उद्देश्य है। स्पेल-बी जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के पढ़ने और लिखने के कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एआरपी वंदना वर्मा, मदन शुक्ला, विनय तिवारी, इमरान कलीम और अनुपम सिंह का विशेष योगदान रहा। मूल्यांकन कार्य में सोनी यादव, अमृता सिंह और फहमिना कय्यूम सहित अन्य शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मानसी, खुशी त्रिपाठी, लक्ष्य जायसवाल, सौरभ, माही, अभिजीत, सौम्या, आराधना, अनिकेत, आलोक और युवराज को पुरस्कृत किया गया।



## शुआट्स निदेशक एचआरएम डॉ. अभिलाषा को मिला वुमन ऑफ सब्सटेंस अवार्ड

**प्रयागराज।** शुआट्स की निदेशक एचआरएम एण्ड आर तथा विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. अभिलाषा जे. लाल, मिसेज इंडिया इंस्पिरेशनल क्वीन 2025-26, को रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद मिडटाउन ने प्रयागराज की 20 जानी-मानी महिलाओं के साथ, उनके शानदार लीडरशिप और कम्युनिटी, सोसाइटी और देश के लिए शानदार योगदान के लिए खास ह्लवुमन ऑफ सब्सटेंस अवार्डह्व से सम्मानित किया। उनकी शानदार उपलब्धियों और समाज के लिए कीमती योगदान, उनकी इंस्पायरिंग पर्सनैलिटी, डेडिकेशन और उनके काम और सोशल कमिटमेंट्स के जरिए पॉजिटिव असर की रोटरी क्लब, प्रयागराज ने तारीफ की। डा. अभिलाष को यह सम्मान, टाउन हॉल, एल चिको होटल, सिविल लाइंस, प्रयागराज में रविवार को आयोजित एक समारोह में दिया गया। शुआट्स प्रबन्धन ने डॉ. अभिलाषा जे. लाल को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनायें दीं।

# कोतवाली पुलिस ने चोरी के सामान के साथ युवक को पकड़ा, मोबाइल और पर्स बरामद

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन, पर्स और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, थाना कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 30/2026 के तहत कार्रवाई करते हुए सोमवार को मुखबिर की सूचना पर रामबाग पुल के नीचे जीआईसी स्कूल के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आदित्य सिंह (20) निवासी गोरखपुर के रूप में हुई है।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक चोरी का मोबाइल फोन और एक पर्स बरामद हुआ। पर्स में यूनियन बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के डेबिट कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, घड़ी, चार्जर, ईयरबड्स और यूनियन बैंक की चेकबुक मिली है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मामले में संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी की गई है। आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना पुलिस टीम के कई अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका रही, जिनकी सतर्कता से आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।

## मांडा में बाजार को गया इंजीनियर लापता

**मांडा।** इलाकाई मांडा थाना क्षेत्र से एक इंजीनियर लापता हो गया है। राजापुर गांव निवासी यह इंजीनियर भारतगंज बाजार सामान खरीदने निकला था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लापता इंजीनियर की पहचान ताड़क नाथ यादव (पुत्र जीत नारायण यादव) के रूप में हुई है। उन्होंने फैजाबाद राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज से पढ़ाई पूरी की है। बीते 27 फरवरी को दोपहर में वह घर से भारतगंज बाजार के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। परिजनो ने पहले अपने स्तर पर काफी खोजबीन की। उन्होंने ताड़क नाथ के मोबाइल पर भी संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका फोन बंद आ रहा था। रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर भी तलाश की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनो ने मांडा थाने और एसीपी मेजा एस पी उपाध्याय को सोमवार दोपहर पी तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# न्यूज झरोखा

## शहीद दिवस पर भगत सिंह,राजगुरू और सुखदेव को किया गया नमन




**जसरा।** कंपोजित विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में शहीद पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भगत सिंह, सुखदेव थापर और राजगुरु को याद किया गया।भगत सिंह के चित्र पर बच्चों और शिक्षकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने कहा कि इन तीनों का बलिदान नई पीढ़ी को उनके देशभक्ति के विचारों से प्रेरित होने का अवसर है।23 मार्च हमारे देश के नायकों को याद करने का दिन है जिन्होंने इंकलाब जिंदाबाद के नारे से देश के स्वतंत्रता आंदोलन की लौ को और प्रज्वलित किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार शुक्ल ने कहा कि अंग्रेज सरकार इन तीनों क्रांतिकारियों से इतना ठरी हुई थी कि लाहौर के सेंट्रल जेल में फांसी के निर्धारित समय से 11 घंटे पहले ही 23 मार्च 1931 को इन्हें फांसी दे दी गई।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों भारतेन्द्र त्रिपाठी, इरफान अहमद, जितेन्द्र कुमार शर्मा,शरद कुमार, आशीष कुमार गुप्ता,पूनम तिवारी ने शहीदों के बारे में बच्चों को बताया।

## शहीद दिवस पर याद किये गये अमर शहीद

**करछना।** अमर शहीद हमारी मातृभूमि के आन-बान और शान है,जिनपर पूरे राष्ट्र को गर्व है। आजादी आंदोलन के दीवानों ने अपनी मातृभूमि के सम्मान और स्वाभिमान के लिए प्राण तक न्यौछावर कर दिये। ऐसे अमर सपूतों का यह देश युग-युग तक ऋणी रहेगा।यह बातें वार को शहीद दिवस पर सोमवार को धरवारा संगोष्ठी के दौरान जीएस एकेड़मी में प्रबंधक विनय प्रताप सिंह ने कही।उन्होने आजादी के दिनों देशप्रेम से ओतप्रोत आजादी के दिवानों की कई स्मृतियों को भी सुनाकर छात्रों को देशप्रेम के प्रति प्रेरित किया। उधर करछना में जुटे कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से शहीदों को नमन किया।कवि रत्नाकर तनहा ने कहा- भगत सिंह ने भरी जवानी मातृभूमि को दे डाली, राजगुरू, सुखदेव ने क्रांती की परिभाषा गढ़ डाली। इस मौके पर मौजूद लोगों ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## संपूर्ण समाधान दिवस से मायूस लौटे फरियादी

**करछना।** शनिवार को छुटी होने के चलते सोमवार को तहसील सभागार करछना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतों का निपटारा न होने से फरियादी मायूस होकर लौट गये।अध्यक्षता उप जिलाधिकारी भारती मीणा ने की।समक्ष कुल 121 शिकायतें आई।शिकायतों में सबसे अधिक राजस्व से संबधित रही।एसडीएम ने कहा कि शिकायतों के निपटारे के लिए संबधित विभाग के जिम्मेदारी पूरी पार्दर्शिता के साथ समय पूरा करने के लिए दिशा निर्देश भी दिए।मौके शिकायतों निस्तारण किया जा सका।इस दौरान गांवों से आने वाले शिकायतकर्ताओं ने तहसील में आने जाने के बाद तालाबों और जमीन से संबिधित कब्जे के प्रति चर्चा भी की जाती है।लेकिन काफी समय लगता है। इस मौके पर कुछ विभागी अधिकारी मौजूद रहे।

## मौसम के बदलते रूख से किसानों की बढ़ी बेचैनी

**करछना।** इस समय रबी के मौसम में बोई गई किसानों की फसलें लगभग तैयार है,और कटाई भी शुरू हो गई है।ऐसे में बीते कई दिनों से आकाश में छाये बादलों ने किसानों की बेचैनी बढ़ा दी है। करछना क्षेत्र के कई गांवों में इन दिनों खेत में चना,मटर,अरहर और सरसों की कटाई का तेजी से काम भी चल रहा है। सोमवार को सुबह के बाद और चार बजे के बाद भी आकाश में बादल छाये रहे।जिससे किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों का मानना है कि ऐसे मौसम में बारिश के साथ ओले भी पड़ने की संभावना बढ़ गई है।बदलते मौसम से जहां किसानों की गेंहू समेत दलहनी,तिलहनी फसलों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है,वही आम की बागों पर भी मौसम का विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

## भौकाल बनाने के लिए रखा था तमंचा, शंकरगढ़ पुलिस ने युवक को दबोचा




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक युवक को 315 बोर के देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रतापपुर रोड स्थित पावर हाउस के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ग्राम क्वारी नंबर-5 के पास से आनन्द यादव (20) पुत्र राम अभिलाष यादव निवासी ग्राम रेरा थाना घूरपुर, प्रयागराज को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का अवैध देशी तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने शौक और भौकाल बनाने के लिए तमंचा रखा था और घर जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने मु0अ0सं0 65/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कृष्णकांत तिवारी, उपनिरीक्षक ऋषभ पटेल, उपनिरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा व हेड कांस्टेबल अनिल यादव शामिल रहे।

## अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** अस्पताल में मरीज देखने आए यूवक की बाइक चोरी हो गई।यूवक थाने में तहरीर दे कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहन का पूरा निवासी अजय कुमार पुत्र इन्द्र प्रकाश अपनी बाइक लेकर ब्लाक तीराहे पर एक अस्पताल में मरीज देखने आया था।अजय कुमार का कहना है कि अस्पताल से लौट कर जैसे आया जहां बाइक खडी थी नहीं मिली। अजय कुमार का आरोप है कि अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक चोरी कर ली।अजय कुमार ने मऊआइमा थाना में सोमवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**जसरा।** विकास खंड जसरा के सभागार में सोमवार को प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल जसरा अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने किया। खंड विकास अधिकारी जसरा सुनील सिंह ने उपस्थित लोगों को वर्तमान सरकार की नवनिर्माण के नौ वर्ष की उपलब्धियों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक परिचर्चा कर जानकारी दिया। कार्यक्रम में विकास खंड के सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभागों में संचालित की जा रही योजनाओं एवं उपलब्धियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। कार्यक्रम में एडीओ समाज कल्याण गुलजार सिंह ने बताया कि विधवा, दिव्यांग वृद्धा, निराश्रित पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि की जानकारी लोगों को दी। इसी तरह कार्यवाहक सीडीपीओ जसरा सुमन सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र पर सरकार द्वारा मिल रही समस्त योजनाओं की जानकारी पर प्रकाश डाला। वहीं राजकीय बीज गोदाम जसरा के प्रभारी कमाल अहमद ने किसान सम्मान निधि,फार्मर रजिस्ट्री सहित किसानों को मिलने वाली सभी निः शुल्क योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सचिव राजेश कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर ब्लाक परिसर में जैविक खाद का स्टाल लगाकर किसानों को विधिवत जागरूक किया गया। राष्ट्रपति पुरस्कृत राम अभिलाष पटेल ने गोबर से संचालित दीवार घड़ी को दिखाया। इस मौके से पर एडीओ पंचायत विनोद कुमार द्विवेदी, विज्ञान प्रभाकर शुक्ल, राजेश शर्मा, मनेन्द्र कुमार,धरावत्स के डायरेक्टर त्रिभुवन सिंह पटेल, स्वयं सहायता समूह से नमिता सिंह, दारा सिंह पटेल, केपी सिंह, जीतेन्द्र गौड़, विनोद कुमार, बीरेंद्र सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# कोल्ड स्टोरेज हादसा



## एक पल में उजड़ गई कई जिंदगियां

## कोल्ड स्टोरेज की छत गिरी कई मजदूर नीचे दबे, 4 के शव बरामद, 13 घायल



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोमवार का दिन कोल्ड स्टोरेज में काम करने वाले मजदूरों के लिए हमेशा के लिए काला दिन बन गया। रोजी-रोटी की तलाश में घर से निकले लोग यह नहीं जानते थे कि यह उनकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित होगा। कुछ ही पलों में हंसी-खुशी का माहौल चीख-पुकार में बदल गया और कोल्ड स्टोरेज की दीवार ने चार जिंदगियों को हमेशा के लिए निगल लिया।

फाफामऊ के चांदपुर क्षेत्र में स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में अचानक दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में 4 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय करीब 20 मजदूर अंदर मौजूद थे, जिनमें से कई मलबे में दब गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अमोनिया गैस की पाइप फटने के कारण यह हादसा हुआ। गैस रिसाव के चलते वहां मौजूद मजदूर घबरा गए और कुछ ही क्षणों में दीवार भरभराकर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले तेज धमाके जैसी आवाज आई, फिर पूरी दीवार ढह गई।

### 40 फीट ऊंची दीवार बनी काल

कोल्ड स्टोरेज का करीब 40 फीट ऊंचा और 75 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। बताया जा रहा है कि पूरा परिसर लगभग 60 एकड़ में फैला है। इतनी बड़ी संरचना गिरने से मलबा दूर तक फैल गया और राहत कार्य में मुश्किलें बढ़ गईं। हादसे के बाद तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाया जा रहा है और दबे मजदूरों को निकालने का प्रयास जारी है।

### हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की पहचान इस प्रकार हुई है:

जगदीश (42), फाफामऊ, ज्योतिष कुमार (22), सहरसा (बिहार), सनोज उर्फ बिल्लर चौधरी (36), सहरसा (बिहार), मसिंदर कुमार (20), सहरसा (बिहार), इनके परिवारों में मातम पसरा हुआ है।







### घायलों की हालत गंभीर, एसआरएन में भर्ती

घायल 13 लोगों को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार कई घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लोगों ने पथराव कर दिया। पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई, हालांकि बाद में स्थिति को काबू में कर लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही जोगिंदर कुमार और मनीष वर्मा मौके पर पहुंचे।उन्होंने अधिकारियों के साथ राहत कार्य का जायजा लिया और तेजी लाने के निर्देश दिए।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने सुनाई दर्दनाक दास्तां

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लंच का समय था। सभी मजदूर खाना खाकर आराम कर रहे थे। तभी तेज आवाज हुई और पूरी बिल्डिंग गिर गई। किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे की खबर जैसे ही मजदूरों के घर पहुंची, परिवारों में कोहराम मच गया। परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि कई परिवारों के सपनों के टूटने की कहानी बन गया है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या समय रहते इस हादसे को रोका जा सकता था? क्या सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही हुई? इन सवालों के जवाब अब जांच के बाद ही सामने आएंगे।

### कोल्ड स्टोरेज की हकीकत और मालिक पर कार्रवाई

प्रयागराज के चांदपुर गांव स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज करीब 5 हजार वर्गफीट में बना था। यह 27 साल पुराना परिसर तीन बिल्डिंगों में फैला था, जिसमें से करीब 10 हजार वर्गफीट की एक इमारत हादसे में ढह गई। घटना के समय यहां 100 से अधिक मजदूर मौजूद थे कुछ खाना खा रहे थे तो कुछ आराम कर रहे थे। कोल्ड स्टोरेज के मालिक सपा नेता अंसार अहमद हादसे के बाद से लापता हैं। पुलिस ने उनके दो भतीजों समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है और तलाश जारी है।

### राज्य सरकार की तरफ से दिया जाएगा मुआवजा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है।

## डीएम के आने की खबर सुन फरियादी पहुंचे तहसील, किंतु दिखे मायूस

**कोरांव।** सोमवार को तहसील सभागार कोरांव में सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आईएएस उप जिलाधिकारी कोरांव अनिमेष वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कुल 187 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई।



प्राप्त शिकायतों में तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि शेष अन्य शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की 65, पुलिस विभाग की 35, विकास विभाग की 40, स्वास्थ्य विभाग से दो, समाज कल्याण विभाग की पांच, शिक्षा विभाग की दो एवं कुल 38 शिकायतें अन्य विभागों की पाई गई। समाधान दिवस में तहसीलदार विनय बरनवाल नायब तहसीलदार राम मूरत, नायब तहसीलदार रणविजय सिंह, खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक कुमार मिश्र समेत कई अधिकारियों ने आए हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान एसडीओ विद्युत चंद्रशेखर आजाद, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी कोरांव पी के सिंह,समेत सिंचाई कृषि एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### हड़ताल पर चल रहे वकीलों ने लगाया तहसील के दफ्तरों में ताला,

अधिवक्ताओं की पंद्रह दिन से चल रही हड़ताल से हो रहे जन कार्य प्रभावित तो होता ही रहा किंतु तहसील दिवस के भी दिन वकीलों ने कम काज प्रभावित किया,किंतु तहसीलदार ने जनहितार्थ एसडीएम कोरांव आईएएस से वार्ता कर बुलवा कर बंद दफ्तरों के ताले खुलवा दिया। और पुलिस इंस्पेक्टर से वार्ता की और थाने पर चल कर वार्ता करने को वकीलों से कहा गया किंतु कई अधिवक्ता जिंदाबाद मुदार्बाद के नारे लगाते दिखे।

## स्कंदमाता के कल्याणकारी स्वरूप की आराधना व पूजा अर्चना है बेहद अहम : अनुराग पांडेय

**मेजा।** स्कंदमाता का स्वरूप कल्याणकारी एवं अति प्रेरणा दायक है। नवरात्रि के पांचवे दिन माँ स्कन्दमाता की आराधना एवं पूजा अर्चना बेहद अहम है। उक्त बातें परिषदीय स्कूल विरतिया के शिक्षक एवं सनातन धर्म के अनुयाई अनुराग पांडेय ने नवरात्रि के पांचवे दिन स्कंदमाता के कल्याणकारी स्वरूप की आराधना करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्तिकेय को ही स्कन्द जी के नाम से जाना जाता है, इसी कारण माँ को स्कन्दमाता भी कहा जाता है। श्री पांडेय ने कहा कार्तिकेय को पुरुषार्थ का स्वरूप बताया गया है। निरंतर अपने कर्म में संलग्न रहने वाला मनुष्य ही जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त करता है अर्थात प्रत्येक ऐच्छिक वस्तु उसे प्राप्त हो जाती है।

## संपूर्ण समाधान दिवस हो या थाना दिवस राजस्व के मामलों में एसडीएम का आदेश है हवाहवाई

पंचायत की सरकारी सार्वजनिक सुरक्षित भूमि को भूमाफियाओं द्वारा जबरन कब्जाने को लेकर प्रधान मेडरा रामधारी बिंद ने पूर्व के कई समाधान एवं थाना दिवसों में की थी शिकायत

**एसडीएम मेजा के आदेशों के बाद भी अवैध कब्जा न हटवाने तथा भूमाफियाओं पर कार्यवाही न होने की दशा में प्रधान ने मेजा पुलिस और राजस्व कर्मियों की कार्यशैली पर उठाया सवाल संपूर्ण समाधान दिवस में किया हंगामा**



शिकायतों का निस्तारण न होने पर संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम मेजा के समक्ष हंगामा करते प्रधान रामधारी बिंद

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस हो या फिर मेजा थाने में आयोजित थाना दिवस हो शिकायत कताओं की राजस्व मामलों से संबंधित शिकायतों पर बतौर प्रभारी चाहे एसडीएम मेजा आदेश करें या तहसीलदार मेजा लेकिन दोनों अधिकारियों के आदेश को मेजा पुलिस नहीं मानती है। ऐसा ही मामला सोमवार को एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रकाश में आया है जिसे ग्राम पंचायत मेडरा के प्रधान ने एसीपी मेजा की मौजूदगी में चीख-चीख कर उठाया है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को मेजा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मेडरा गांव के प्रधान रामधारी बिंद (कल्लू नेता) ने गांव की सरकारी सार्वजनिक सुरक्षित भूमि नाली, नाला, चकरोड, खाद खड्डा तथा आम रास्ते पर गांव के ही कथित दबंग भूमाफियाओं द्वारा किए गए अवैध कब्जे के बाबत पूर्व के कई संपूर्ण दिवसों एवं समाधान दिवसों में शिकायती पत्र देकर भूमाफियाओं का अवैध कब्जा हटवाने और उनके विरुद्ध 3/5 की कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाए थे जिस पर एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव द्वारा प्रत्येक शिकायती पत्रों पर राजस्व और मेजा पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए सरकारी भूमि अवैध अतिक्रमण हटवाने का आदेश भी दिया गया था। किंतु एसडीएम मेजा के आदेशों को महत्व न देने वाली मेजा पुलिस आज तक मौके पर नहीं पहुंची कार्यवाही करना तो दूर की बात रही। ऐसे में शिकायती पत्रों का जखीरा लिए प्रधान कभी तहसील तो कभी मेजा थाने का चक्कर काटते हताश परेशान होकर सोमवार को एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम और अन्य अधिकारियों के समक्ष मेजा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठते हुए जमकर हंगामा किया और आरोप लगाते हुए कहा कि एसडीएम साहब बिना माल के आपके आदेशों को राजस्व कर्मी और मेजा पुलिस नहीं मानती है। ऐसे में गांव की सरकारी सार्वजनिक सुरक्षित भूमि को भूमाफियाओं के अवैध कब्जे से कैसे अवमुक्त कराई जाय। गौरतलब है कि प्रधान रामधारी बिंद की जायज शिकायतों और हंगामा से तिलमिलाए एसडीएम सुरेंद्र प्रताप यादव ने संबंधित थाने के हल्का दरोगा को आनन फानन फोन लगाया लेकिन एक सक्षम अधिकारी का फोन भी मेजा पुलिस ने उठाना मुनासिब नहीं समझा। इसी से इस बात का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि एसडीएम का फोन न उठाने वाले राजस्व कर्मी और दारोगा उनके आदेशों को कितना महत्व देते होंगे।

## श्रृंगवेरपुर में मस्जिद हटाने को लेकर नेशनल हाईवे पर धरने पर बैठे कैबिनेट मंत्री संजय निषाद

**मस्जिद को बताया अवैध निर्माण, निषादराज किले के अस्तित्व पर जताया खतरा, घंटों बाधित रहा दिल्ली-कोलकाता हाईवे**

अखंड भारत संदेश

**श्रृंगवेरपुर धाम।** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने सोमवार को श्रृंगवेरपुर धाम स्थित दिल्ली-कोलकाता हाईवे पर चक्का जाम कर धरने पर बैठ गए। मंत्री के अचानक धरना प्रदर्शन से प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। उनके साथ निषाद पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी शामिल रहे, जिसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।



धरना प्रदर्शन कर रहे कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद की मांग थी कि श्रृंगवेरपुर धाम में मंदिर के समीप स्थित मस्जिद को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह ढांचा अवैध रूप से बनाया गया है और इससे निषादराज के ऐतिहासिक किले का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। डॉ. निषाद ने कहा कि यह स्थान करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना के दौरान डॉ. संजय निषाद ने न केवल मस्जिद हटाने की मांग किया, बल्कि श्रृंगवेरपुर धाम में हो रहे अवैध खनन और अन्य अतिक्रमणों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि भू-माफिया और अवैधतत्व इस ऐतिहासिक धरोहर को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने साफ किया कि जब तक ठोस कार्रवाई का आश्वासन नहीं मिलता, वे पीछे नहीं हटेंगे। मंत्री के धरने पर बैठने की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। हाईवे पर जाम के कारण दोनो ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। इस दौरान यात्रियों को असुविधा का भी सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने डॉ. संजय निषाद को समझाने-बुझाने का काफी प्रयास किया। घंटों तक चली मान-मनौव्वल बाद करीब दो बजे कैबिनेट मंत्री ने धरना समाप्त किया।

### निषादराज किला पर किसा पूजन, निकाली शोभा यात्रा

डॉ. संजय निषाद हर वर्ष निषाद पार्टी की ओर से श्रृंगवेरपुर धाम के राजा निषादराज गुह की जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इस अवसर पर प्रदेशभर से समाज के लोग यहां जुटते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में जुटे लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने समाज के हितों और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा का संकल्प दोहराया। इससे पूर्व वह सुबह आठ बजे ही धाम पहुंच गये थे। निषाद किले पर अपने परिजनों और कार्यकताओं के साथ भव्य पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संजय निषाद ने श्रीराम घाट स्थित निषादराज गुंह के मंदिर पर माथा टेक षेभा यात्रा निकाली। इस दौरान पार्टी पक्ष के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान मुस्तैद किए गए थे।

# डीएम एवं एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, 10 का हुआ निस्तारण

**शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें : डीएम**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 68 शिकायतों में से 31 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 10, विकास विभाग से 03, चकबन्दी विभाग 02, विद्युत विभाग से 04 एवं 18 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता उर्मिला देवी (दिव्यांग) निवासी पूरेरायजू ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी को शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है परन्तु विपक्षीगण तारा देवी, जयतुन्ना, तिलकदारी सिंह, संतोषा देवी आदि लोग मिलकर व्यवधान उत्पन्न कर रहे है जब की प्रार्थिनी जिस भूमि पर मकान निर्माण करना चाह रही है वहां पहले से शौचालय एवं छप्पर आदि का निर्माण कराकर रह रही है, प्रार्थिनी सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस पर अनेको बार शिकायत कर चुकी है, जबकि प्रार्थिनी पूर्ण रूप से विकलांग है, चलने फिरने में असमर्थ है, इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर प्राथमिकता से दिव्यांग महिला की शिकायत का निस्तारण कराया जाये। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं की मौके पर जाकर जांच करते हुए उसका यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें, जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को प्राप्त सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान करने के निर्देश दिये गये। उन्होने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकताओं की समस्याओं को विनम्रता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस में आयीं उन्हतर शिकायतें, पांच का हुआ निस्तारण

**प्रतापगढ़।** तहसील समाधान दिवस में अफसरों ने फरियादियों की शिकायतों पर सुनवाई की। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ आशुतोष मिश्र ने शिकायतों पर सुनवाई करते हुए मातहतों से त्वरित व पारदर्शितापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। समाधान दिवस पर कुल उन्हत्तर शिकायतें आयीं। जिनमे से अफसरों ने मौके पर पांच शिकायतों का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से जुड़ी अड़तीस, पुलिस विभाग की ग्यारह व विकास से जुड़ी नौ रहीं। समाधान दिवस में तहसीलदार गिरिजेश वर्मा, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के बेंती खास गांव निवासी विपिन तिवारी का 17 वर्षीय बेटा श्याम तिवारी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के खुजलिया काजीपुर गांव निवासी शिव बालक का 54 वर्षीय बेटा शंकर लाल बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

## न्यूज झरोखा

### नवरात्र के पंचम दिवस पर मां स्कंदमाता की हुई पूजा, कन्या भोज का हुआ आयोजन



**बेलखरनाथ धाम।** नवरात्रि पर्व पर पंचम दिवस पर भक्तों ने मां स्कंदमाता माता का पूजन कर कन्या भोज का आयोजन किया। इस दौरान भक्तों ने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र में तैनात हेड कांस्टेबल मुकेश त्रिपाठी व उनकी पत्नी आभा त्रिपाठी ने चैत्र नवरात्र पर देवी मां का व्रत रखा है। इस दौरान उन्होंने नवरात्रि के पंचम दिवस पर मां स्कंद माता की पूजा अर्चना कर कन्या भोज का आयोजन किया। जिसमें कन्या कन्याओं को चुनरी व दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह क्षेत्र में हर जगह चैत्र नवरात्र की धूम मची हुई है।

### दुर्गेश मिश्र बने जिला महामंत्री



**पट्टी।** राष्ट्रीय परशुराम सेना के संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. जलज मणि दुबे की संस्तुति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष शिवम त्रिपाठी की सहमति से दुर्गेश मिश्रा को संगठन का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद संगठन के कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। नवनियुक्त जिला महामंत्री दुर्गेश मिश्रा ने कहा कि वे संगठन के हित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे तथा जिले में संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि दुर्गेश मिश्रा के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठन का विस्तार तेजी से होगा।

### मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गए युवक पर हमला

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र व नगर कोतवाली क्षेत्र की सीमा पर रविवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दवा लेने गए एक युवक पर दबंगों ने हमला कर दिया। पूरी घटना पास लगे दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब चर्चा का विषय बना हुआ है।दिलीप पुर थाना क्षेत्र के खमपुर गांव निवासी अरमान खान ने कोतवाली नगर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह रविवार दोपहर महुली नहर के पास स्थित मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गया था। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घेर लिया,पीड़ित का आरोप है कि पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान अरमान को हाथ में गंभीर चोटें आईं, जबकि उसके साथ मौजूद मकबूल के गले में भी गंभीर चोट लग गई। आरोप है कि मारपीट के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के समय मेडिकल स्टोर के आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया, हालांकि हमलावरों का डर से कोई खुलकर विरोध नहीं कर सका। बताया जा रहा है कि पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। पीड़ित ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से शिकायत करते आरोप लगाया कि इलाज के बाद नगर कोतवाली पुलिस कार्यवाही करने में हीलाहवाली कर रही है।

### रंजिश में की मारपीट, आरोपियों पर केस

**प्रतापगढ़।** पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सांगीपुर गांव की कमला देवी पत्नी स्व0 राजकुमार सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पारिवारिक रंजिश में बीती बाइस मार्च को सुबह करीब ग्यारह बजे राजेश पुत्र सीताराम, मनोज पुत्र महावीर ने गाली देते हुए उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## कोटेदार अनियमितता व दुर्व्यवहार का आरोप, एसडीएम से शिकायत



**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** कोटेदार पर अनियमितता और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत की है। एसडीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के निर्देश दिये हैं। लालगंज तहसील के पिचूरा गांव के ग्रामीणों ने कोटेदार पर अनियमितता व दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए सोमवार को तहसील पहुंचकर आक्रोश जताया। गांव के समर बहादुर, शांती, मंजू देवी, सुमित्रा, राजकुमारी, गीता, विमला, जगपती, सोना, जीतलाल आदि ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार द्वारा खाद्यान्न वितरण में घटतौली की जा रही है। इस माह में कोटेदार द्वारा सिर्फ गेहू का वितरण किया गया जबकि मोबाइल पर चावल व गेहू दोनों के वितरण का मैसेज आ गया। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि शिकायत करने पर कोटेदार अमादा फौजदारी हो जाते हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि शिकायत पर जांच के निर्देश दिये गये हैं। रिपोर्ट मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट मामले में दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

**पट्टी।** थाना दिलीपपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट व मारपीट के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सोमवार को उ0नि0 अनुपम पटेल मय हमराह कांस्टेबल आशीष कुमार, सुनील कुमार व लक्ष्मण सिंह के साथ थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर दोनों आरोपियों को उनके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रामपियारे पुत्र रामनिहोर निवासी ग्राम याहियापुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ तथा अमर सिंह उर्फ भुन्नी पुत्र बृजलाल सिंह निवासी ग्राम चैपई थाना कंधई (वर्तमान पता थाना दिलीपपुर) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी आर्म्स एक्ट एवं मारपीट के मामले में वांछित चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद सोमवार को करीब 2 बजे दोनों को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया।

## समाज को बांटने का काम कर रहीं अन्य पार्टियां : एमएलसी गोपाल

**अखंड भारत संदेश**




**कुंडा।** जनसत्तादल के पधाधिकारियों, प्रधानों, बीडीसी व अन्य जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वह आम जनमानस के कार्यों को प्रेम के साथ निपटाएं। राजा भइया परिवार सर्व समाज को जोड़ने का काम करता है। जबकि दूसरी पार्टियां समाज को जाति धर्म, सम्प्रदाय के बीच बांटने का काम करती है। यह बातें कुंडा ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने कही। जनसत्तादल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष, बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने कहा कि कुंडा, बाबागंज विधानसभा के चारों ब्लॉकों के हर गांव में बीडीसी सदस्यों को कार्य मिले हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी प्रदेश के सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीडीओ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। बैठक में मौजूद सभी विभागों ने अपने कार्यों को गिनाया। इंटौरा प्रधान गौरव त्रिपाठी ने कृषि विभाग से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में पात्रों के वंचित होने, अपात्रों के खाते में पैसा आने की शिकायत की तो वह सही जवाब नहीं दे पाए। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने साढ़े सात करोड़ की कार्ययोजना का प्रस्ताव दिया, जिस पर बैठक में सर्वसम्मति से मुहर लगी। एमएलसी गोपाल जी और राष्ट्रीय महासचिव डॉ कैलाश नाथ ओझा, प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज का पूर्व ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, ध्यानी सिंह, प्रधान लवलेश तिवारी बउआ तिवारी, काशी प्रसाद, संतोष सोनकर ने माला पहनाकर स्वागत किया।

## जूबाए पुरातन का शपथ ग्रहण समारोह आज

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह 24 मार्च 2026 दिन मंगलवार को अपराह्न दो बजे से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी के पास आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र व महामंत्री कौशलेश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि उक्त शपथग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति नीरज तिवारी रहेंगे,जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायाधीश श्रीमती रीता गुप्ता व न्यायाधीश विजय पाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएम शिव सहाय अवस्थी, एसपी दीपक भूकर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय करेंगे। नवनिर्वाचित पदाधिकारी द्वय ने सभी अधिवक्ताओं से उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## मुठभेड़ में ईनामिया बदमाश गोली लगने से घायल, गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** मुठभेड़ में पुलिस की गोली से इनामिया बदमाश घायल हो गया। बदमाश को गिरफ्तार कर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। पूछतांछ में बीते दिवस शिक्षिका के साथ हुई चेन छिनैती की घटना में गिरफ्तार किये गये इनामिया बदमाश का नाम प्रकाश में आया है। लालगंज व लीलापुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में रविवार की रात मुठभेड़ में गोली से घायल इनामिया बदमाश को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस की चेकिंग के दौरान प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर खजूर के पास संदिग्ध बाइक सवार पुलिस टीम पर फायरिंग करते भागने लगा। आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी कार्रवाई में बदमाश दोनों पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसके पास से अवैध तमंचा व बाइक तथा छिनैती से सम्बन्धित अड़तीस सौ तीस रुपए की बरामदगी की गयी है। एसपी पश्चिमी बृजनंदन राय ने बताया कि गिरफ्तार किये गए बदमाश सतीश पटेल पुत्र लालचंद्र पटेल निवासी महमदपुर चारपुरा थाना महेशगंज के खिलाफ विभिन्न सात आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। बीते सोलह मार्च को जीजीआईसी शीतलमऊ एवं प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर खजूर की शिक्षिकाओं से लूट की घटना में गिरफ्तार किये गये बदमाश का नाम प्रकाश में आया था। पूछतांछ में इसकी पुष्टि हुई है। उसके एक साथी को इक्कीस मार्च को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किये गये घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाबत विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मारपीट में तीन लोग घायल

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के अहिबरनपुर गांव निवासी छेदीलाल के 30 वर्षीय बेटे पवन सरोज और उसकी 28 वर्षीय पत्नी सोनिया सरोज को गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के चेती सिंह का पुरवा लरु गांव निवासी श्रीराम सरोज के 22 वर्षीय बेटे दिनेश सरोज को गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

### जमीन विवाद में धमकी का केस दर्ज

**लालगंज।** जमीन के विवाद को लेकर मिली जानलेवा धमकी पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अगई गांव निवासी बृजेश गौड़ पुत्र रामसुंदर गौड ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी भूमिधरी पर विपक्षियों ने जबरन निर्माण कार्य कर लिया है। विरोध करने पर बीती चैदह मार्च की रात जियालाल सरोज ने अपने पुत्र राजू, संतोष व अशोक तथा कुछ अज्ञात के साथ मिलकर जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जमीन विवाद में पड़ोसियों ने ननद-भाभी को पीटा

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के कापा गांव में जमीन विवाद को लेकर पड़ोसियों द्वारा महिला और उसकी ननद की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी से शिकायत कर न्याय की मांग की है। जानकारी के अनुसार, कापा गांव निवासी सुशीला देवी पत्नी अरविंद का पड़ोसियों से जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि बीते 21 तारीख को सुशीला देवी अपने घर के सामने नल के पास लगे पौधों को पड़ोसियों द्वारा उखाड़े जाने का विरोध करने पहुंची, तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया और जमकर मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर उसकी ननद मनीषा बीच-बचाव के लिए पहुंची, लेकिन आरोप है कि हमलावरों ने उसे भी नहीं बख्शा और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया। दोनों महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद उसने स्थानीय थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद सोमवार दोपहर करीब 1 बजे उसने क्षेत्राधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी मनोज सिंह रघुवंशी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### अज्ञात चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** दुर्घटना में किशोर की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के समापुर गांव निवासी शिव बहादुर वर्मा पुत्र नरेश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस मार्च को सुबह करीब साढ़े सात बजे उसका आठ वर्षीय पुत्र रितिक साइकिल से घर की तरफ आ रहा था। आरोप है कि इसी बीच पीछे से आ रहे तेज गति के ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे रितिक की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**पट्टी।** गुरुवार की शाम ट्रैक्टर चालक साइकिल सवार को रौंदते हुए भाग निकला। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। कंधई थाना क्षेत्र के सिकरी कानू पुर गांव निवासी नीशा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पति संतोष कुमार गुरुवार को सिकरी कानू पुर बाजार घरेलू सामान खरीदने के लिए गए थे, वापस लौटते समय बाजार के समीप बरहा गांव स्थित तालाब के पास ईंट भट्ठे पर मिट्टी की ढुलाई कर रहे ट्रैक्टर चालक ने पति की साइकिल में टक्कर मारकर ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। मौके पर ही संतोष की मौत हो गई, जानकारी मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया। चैकी प्रभारी मंगरौरा भूपेश सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, मृतक की पत्नी नीशा देवी की तहरीर पर पुलिस ने सिकरी कानू पुर गांव निवासी ट्रैक्टर चालक अजय सरोज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## कहानी संग्रह समय की लाठी का हुआ विमोचन

**शोभा देवी स्मृति साहित्य सम्मान से नवाजे गए प्रेम कुमार**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जनपद के वरिष्ठ कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी की कहानी संग्रह समय की लाठी का विमोचन साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज के तत्वावधान में जजेज कॉलोनी में आयोजित पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह में कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उमेश शर्मा मुख्य अतिथि डॉ. बालकृष्ण पांडेय विशिष्ट अतिथि डॉ. ऊषा मिश्रा एवं संपादक डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय द्वारा किया गया। इसके साथ ही जौनपुर की रचनाकार डॉ. ऐश्वर्या सिन्हा की पुस्तक चाहे कृष्ण कहो या राम तथा चित्रकूट के लेखक सतीश बब्बा की कहानी संग्रह अंतिम मुलाकात का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर जनपद के कथाकार प्रेम कुमार को उनकी लोकार्पित कृति समय की लाठी के लिए शोभा देवी स्मृति साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने बधाई देते हुए कहा कि कहानी लेखन के क्षेत्र में प्रेम कुमार जनपद का गौरव बढ़ाकर मुंशी प्रेमचंद की विरासत को संभालने का काम कर रहे हैं। वरिष्ठ गीतकार डॉ. श्याम शंकर शुक्ल श्याम ने कहा कि प्रेम कुमार की कहानियों में प्रेमचंद की झलक देखने को मिलती हैं। जनपद के अन्य साहित्यकार प्रेम कुमार की इस उपलब्धि पर गदगद हैं। मालूम हो कि प्रेम कुमार अब तक दो सौ से अधिक कहानियां लिख चुके हैं। उनकी कहानी संग्रह नीलकमल खिल गया प्रकाशनाधीन है।

## छप्पर हटाने के विवाद में पुलिस पर मिलीभगत का आरोप, एसपी से शिकायत

**प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन पर रखे गये छप्पर को हटाने के लिए पीड़ित ने पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए सोमवार को एसपी से शिकायत की है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के दखिनहा का पुरवा गांव निवासी लवलेश यादव पुत्र शंभू नाथ यादव ने एसपी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह अपनी पैतृक आबादी की जमीन पर छप्पर डालकर रहते हैं। आरोप है कि बीती बाइस मार्च की शाम करीब चार बजे पुलिस से मिलीभगत करके विपक्षी ने जबरन छप्पर को हटा दिया। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियो ने जानलेवा धमकी देते हुए फर्जी मुकदमें में फंसा देने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की जांच कर विपक्षियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक आज

**कुंडा।** विकासखंड बाबागंज ब्लाक व विकासखंड बिहार में मुख्यालय के सभागार में 24 मार्च दिन मंगलवार को क्रमशः सुबह 11 से विकासखंड बाबागंज व 12 बजे से विकासखंड बिहार में क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाई गई है। जिसमें नए वितीय वर्ष 2026, 27 की कार्य योजनाओं के बारे में चर्चा और बजट पास किया जाएगा। बैठक के मुख्य अतिथि एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और विशिष्ट अतिथि बाबागंज विधायक विनोद सरोज होंगे यह जानकारी क्रमशः ब्लॉक प्रमुख बाबागंज प्रतिनिधि रामयश सरोज व बिहार प्रतिनिधि रामचंद्र सरोज ने दी।

## समारोहपूर्वक एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**




**लालगंज।** नगर स्थित सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय लालगंज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर की तीनों इकाईयों का समारोहपूर्वक समापन हुआ। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन किया। महाविद्यालय की छात्राओं प्रियांशी पाण्डेय, अनुष्का शुक्ला, आराधना पाण्डेय, सान्या मिश्रा, जान्हवी मिश्रा ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि एनएसएस शिविर राष्ट्र के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में मजबूती प्रदान करता है। उन्होनें एक समतामूलक समाज की स्थापना करने में एनएसएस शिविर की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के उप प्रबंधक इं. पूर्णांशु ओझा ने शिविर के दौरान पर्यावरण, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, स्वच्छता आदि से जुड़े जागरूकतापूर्ण क्रिया कलापों पर एनएसएस के शिविरार्थियों की सराहना की। निदेशक डॉ0 संदीप कुमार मिश्र ने अतिथियों का स्वागत व प्राचार्य डॉ0 अमित कुमार सिंह ने आभार जताया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ0 रजनीश पाण्डेय व डॉ0 सुरभि सिंह ने एनएसएस की महत्ता बतायी। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर डॉ0 ओपी द्विवेदी, डॉ0 रविकांत कौशल, डॉ0 प्रकाश सिंह, डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 दुर्गेश विश्वकर्मा, डॉ0 अनीता त्रिपाठी, डॉ0 रोहिणी त्रिपाठी, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 संतोष प्रजापति, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो बाइक की टक्कर के बाद बढ़ा तनाव चली गोली, दो घायल

अखंड भारत संदेश

**पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस**



**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में मामूली बात पर तमंचा बंदूक से चार लोगों ने जमकर फायरिंग की है गोलीबारी में दो लोगों को गोली लग गई है जिससे वह जमीन पर गिर पड़े हैं। गोली लगने से दो लोग गंभीर घायल हो गए हैं गांव में फायरिंग के बाद दहशत का माहौल है।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है और आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है फायरिंग करने वाले लोग मौके से फरार हो गए हैं जिनकी तलाश थाना पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजीहिनी खालसा गांव में 22 मार्च की शाम को दो बाइक सवार सोनू व अरमान की बाइक में टक्कर हो गई जिससे दोनों लोगों को हल्की चोट आई थी लेकिन बाइक की टक्कर के बाद गांव में मामले ने तूल पकड़ लिया और देखते-देखते दोनों पक्ष के लोग लाम बंद हो गए एक दूसरे के घरों में चढ़ाई शुरू हो गई गाली गलौज हुआ उसके बाद अबू बकर अबू बसर सोनू अयान आदि ने तमंचा बंदूक लेकर सहाब के घर पर चढ़ाई कर दी और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी इस गोलीबारी में सहाब वा अयान को गोली लग गई है नदीम को गोली मारी गई लेकिन वह बच गया गांव में फायरिंग की घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया है और लोग घरों के भीतर घुस गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है गोलीबारी में दो लोगों के घायल होने के बाद मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक गोली मारने वालों की गिरफ्तारी नहीं है।

## निर्माणाधीन परियोजनाओं का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध करे पूर्ण : डीएम

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज उदयन सभागार में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय एवं मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर,सी. एंड डीएस को निर्माण कार्य में तेजी से प्रगति लाकर गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल आदि निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, यूपीसीडको को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष आदि के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को अवशेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर हैंडओवर करने के निर्देश दिए। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर हैंडओवर करने के भी निर्देश दिए। राजकीय महिला महाविद्यालय, मूरतगंज के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा निर्माण कार्य में तेजी लाकर समयबद्ध पूर्ण कराई जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता, यूपीसिडको से कहा कि निर्माणाधीन परसरा बस अड्डे के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराकर हैंडओवर कर दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फील्ड ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

**नोडल अधिकारी जनगणना (प्रशिक्षण) एवं अपर जिला जनगणना अधिकारी ने फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ**



**कौशांबी।** प्रमुख जनगणना अधिकारी जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी जनगणना प्रशिक्षण उप जिलाधिकारी आकाश सिंह एवं अपर जिला जनगणना अधिकारी जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रविन्द्र कुमार जायसवाल ने आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ऑडिटोरियम में आयोजित फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया नोडल अधिकारी आकाश सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रथम चरण के द्वितीय बैच के 27 फील्ड ट्रेनरों को दिनांक 23, 24 एवं 25 मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुल 54 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। नोडल अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों को प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना के उद्देश्य, कानूनी प्राविधानों और मकान सूचीकरण के सैद्धांतिक नियमों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही मोबाइल ऐप और डिजिटल पोर्टल का उपयोग व प्रगणकों को डेटा फीड करने के लिए तकनीकी बारीकियों को समझाया जाएगा। फील्ड वर्क का अभ्यास, मॉक एक्सरसाइज और अंत में शंका/समाधान किया जायेगा फील्ड ट्रेनर अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में जाकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। जनगणना का कार्य दो चरणों में सम्पादित किया जाएगा। प्रथम चरण 22 मई से 20 जून, 2026 तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना एवं द्वितीय चरण 09 फरवरी, 2027 से 28 फरवरी, 2027 तक जनगणना की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मास्टर ट्रेनर डॉ देवेश सिंह यादव, डॉ संदीप कुमार तिवारी,जनगणना प्रभारी कौशांबी राज कुमार, जनगणना लिपिक सुनील सिंह सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

अखंड भारत संदेश

**तहसील समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने का निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिले के सभी तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शनिवार को ईद का त्योहार पड़ जाने से संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नहीं हुआ था जिसके चलते सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया है जिलाधिकारी डॉ अमित पाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर शिकायत को निस्तारित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में परियोजना निदेशक,मत्स्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अधिशासी अभियंता लोनिवि, अधिशासी अभियंता सिंचाई, उपायुक्त उद्योग, प्रभागीय वनाधिकारी, थाना प्रभारी मंझनपुर, एआरओ (पूर्ति), चकबन्दी अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील चायल में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील मंझनपुर में कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।



## बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर गंभीर घायल

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के यदुवंशी ढाबा के सामने बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिए जिससे बाइक सवार सड़क पर पड़ा है और गंभीर घायल हो गया है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के निंधियावा गांव निवासी साहेब लाल त्रिपाठी उम्र 65 वर्ष पुत्र राम सजीवन सोमवार को बाइक से कोखराज की ओर जा रहे थे जैसे ही वह कल्याणपुर के यदुवंशी ढाबा के सामने पहुंचे तेज रफ्तार ट्रक नंबर यूपी 02 जीए 0889 ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग पहुंचे हैं जानकारी मिलते ही शहजादपुर पुलिस चौकी इंचार्ज भी मौके पर पहुंचे हैं और घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

# ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत

**चलते ट्रैक्टर से मजदूर नीचे गिरा है या फिर ट्रैक्टर चालक ने मजदूर को धक्का दे कर ट्रैक्टर से नीचे गिरा दिया है यह तो जांच का विषय है, बिना पंजीयन चल रही थी ट्रैक्टर की ट्राली, पूरी व्यवस्था पर खड़े हुए सवाल**

अखंड भारत संदेश



**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कसेंदा के पास ट्रैक्टर का मजदूर चलते ट्रैक्टर से नीचे गिर गया है जिससे मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई है मजदूर की मौत के बाद एक बार फिर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं ट्रैक्टर की ट्राली बिना रजिस्ट्रेशन के सड़कों पर दौड़ रही थी थाना पुलिस यातायात पुलिस एआरटीओ ने गलत तरीके से चलने वाले ट्रैक्टर की ट्राली पर कार्यवाही नहीं की है जिससे पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो गया है बिना रजिस्ट्रेशन के एक दिन सड़क पर ट्राली नहीं दौड़ रही थी बल्कि प्रतिदिन यह ट्रैक्टर की ट्राली बिना रजिस्ट्रेशन के सड़कों पर दौड़ते हैं और कानून का पाठ पढ़ाने वाले अधिकारी और उनके मातहत अवैध तरीके से सड़कों पर दौड़ने वाली ट्रैक्टर की ट्रालियों पर कार्यवाही करने के बजाए संबंधित विभाग के अधिकारी अवैध तरीके से सड़कों पर दौड़ने वाले ट्रैक्टर के ट्रालियों के मालिकों से महीना की वसूली करते हैं जिससे अवैध संचालन नहीं बंद हो रहा है अफसर की जेब भर रही है गरीब जनता की मौत हो रही है यदि संबंधित विभाग के अधिकारी बिना पंजीयन के चलने वाले ट्रैक्टर ट्राली से महीने की वसूली बंद कर देते तो निर्दोष मजदूर की मौत ना होती लेकिन वसूली करके अवैध तरीके से बिना पंजीयन के ट्रैक्टर की ट्रालियों को सड़कों पर दौड़ने की छूट देने वाले जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होगी मजदूर की मौत के बाद यह बड़ा सवाल खड़ा है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत चायल के वार्ड नंबर 3 गांधीनगर निवासी लालचंद पुत्र सुंदरलाल की सोमवार सुबह करीब 10 बजे रोज़ की तरह मजदूरी का काम कर रहा था। सोमवार को वह चलौली में बन रही सीमेंटेड इंटरलॉकिंग ईंटों को ट्रैक्टर पर लादकर अकबरपुर की ओर ले जा रहा था। बताया जा रहा है कि वह ट्रैक्टर पर ही बैठा हुआ था। जैसे ही ट्रैक्टर कसेंदा स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा,अचानक असंतुलन बिगड़ने से लालचंद चलते ट्रैक्टर से नीचे गिर गया प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गिरते ही वह ट्रैक्टर के पिछले पहिए के नीचे आ गया। हादसा इतना भयावह था मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और आसपास भीड़ इकट्ठा हो गई स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पिपरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को भी अपने कब्जे में लेकर थाने भेज दिया गया है।घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चलते ट्रैक्टर से मजदूर नीचे गिरा है या फिर ट्रैक्टर चालक ने मजदूर को धक्का दे कर ट्रैक्टर से नीचे गिरा दिया है यह तो जांच का विषय है।

# गरीब मजदूरों के अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी : गौरव पाण्डेय

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** मंझनपुर स्थित कांग्रेस पाटी मुख्यालय पर कांग्रेसियों ने पाटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत चौपाल लगाकर उपस्थित लोगों को बताया कि वतर्मान भाजपा सरकार कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई गई मनरेगा योजना का नाम बदलकर उसे समाप्त करना चाहती है गरीब मजदूरों की जीविका है मनरेगा योजना जिसे यह दमनकारी भाजपा सरकार समाप्त कर रही है इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि यह सरकार अमीरों की सरकार बन कर रह गई गरीबों का अधिकार उनसे छीन रही है जो जनता को कत्तई बर्दाश्त नहीं है और हम यह नहीं होने देंगे कि गरीबों की जीविका से खिलवाड़ हो कांग्रेस जन उद्धार करती थी लेकिन यह भाजपा सरकार केवल अमीरों को लाभ देने का कार्य कर रही है भाजपा को न युवा से मतलब है और न ही किसान से देश की जनता आज इनके राज ने मंहगाई की प्रचंड मार झेल रही है हम गरीब मजदूरों के अधिकार की लड़ाई इसी तरह सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे और उन्हें उनका अधिकार दिलाएंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी दीपक पाण्डेय, जिला महासचिव सुरेंद्र शुक्ला, श्याम सिंह भदौरिया, जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल,शशि मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव, ब्लाक अध्यक्ष सिराथू रामप्रकाश पंडा, रमेश यादव, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी, प्रभा देवी,मालती देवी,प्रेमा देवी,रमेश यादव, शोभा देवी, निमर्ली देवी गिरजा देवी, तीजा देवी, मालती देवी राम सुरेश यादव, नोखे लाल यादव हेमंत रावत,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर किसान सम्मेलन का आयोजन

**विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं से कृषकों को किया गया लाभान्वित**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।इसी कड़ी में आज किसान सम्मेलन एवं विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने का कार्यक्रम उदयन सभागार में आयोजित किया गया कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.अशोक कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पी.के. शुक्ला एवं भूमि संरक्षण अधिकारी विपिन कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।कृषि वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार ने कृषकों को खेती के बारे में जानकारी प्रदान की तथा जैविक खेती/प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। भूमि संरक्षण अधिकारी ने भूमि संरक्षण अनुभाग द्वारा संचालित खेत-तालाब योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक किया।मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य ने कृषकों को मत्स्य विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उप कृषि निदेशक ने उपस्थित सभी कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री की महत्ता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में कृषकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया,जिसमें कृषक शैलेन्द्र कुमार व आलोक कुमार को कृषि यंत्र पर अनुदान प्राप्त करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पी.एम. कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प की स्थापना के लिए कृषक रत्नाकर सिंह, राम नरेश, सुमित्रा देवी एवं सुभाषचन्द्र को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री गौ-संवर्धन योजना के अन्तर्गत अखिलेश दत्त शुक्ल एवं संजय शुक्ल को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

# न्यूज झरोखा

## डीएम ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने जर्जर परिषदीय विद्यालयों के मूल्यांकन ध्वस्तिकरण नीलामी की स्थिति की समीक्षा के दौरान अभी तक अपेक्षित कार्यवाही न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं जिला समन्वयक, सिविल की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि परिषदीय विद्यालय में अनुशासन सुनिश्चित किया जाए। निपुण तालिका अपडेट रहे सुनिश्चित किया जाए। मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन बच्चों को प्रदान किए जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कमी पाए जाने पर संबंधित खण्ड शिक्षाधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कारर्वाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को अवशेष डीबीटी के कार्यों व अपार आईडी के कार्यों में प्रगति लाने तथा स्टूडेंट डिजिटल रजिस्टर में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समिति के प्रदेश अध्यक्ष ने जन्मदिन पर माँ भगवती शीतला धाम में किया पूजा अचर्ना



**नेवादा कौशाम्बी।** जनहित कारिणी समिति के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुशील जैन एडवे-केट ने अपने जन्मदिन पर समिति के राष्टीय अध्यक्ष व भाजपा नेता राजेश केसरवानी एवं समिति के जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ अमरनाथ वर्मा के साथ बीते शनिवार को कौशाम्बी में स्थित सिद्धपीठ माता शीतला देवी कड़े धाम का दर्शन कर पूजा अचर्ना किया साथ ही प्रदेश अध्यक्ष सुशील जैन ने माॅ भगवती से आशीर्वाद की कामना करते हुए माता शीतला देवी से देश समाज के कल्याण की कामना की साथ ही जनहित कारिणी समिति कौशाम्बी की पूरी टीम को एवं जिले के वासियों को धन्यवाद किया समिति के राष्टीय अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने माता भगवती शीतला देवी के चरणों में माथा टेका और माता का दर्शन पाकर अपने को कृतार्थ मानते हुए कौशाम्बी वासियों की बहुत बड़ाई दिया व जनहित कारिणी समिति कौशाम्बी की टीम को जिले में हो रहे कार्यो से खुश होकर बहुत सराहना किया जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ अमरनाथ वर्मा भी माता जी का दर्शन कर गद-गद हुये और कौशाम्बी टीम को बधाई दिया।

## प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र किया गया प्रदान



**कौशांबी।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) व प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अर्न्तगत के 05-05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया है।इस मौके पर आकाश सिह,उप जिलाधिकारी मंझनपुर (न्यायिक)/परियोजना अधिकारी डूडा,कामरान अहमद शहर मिशन प्रबंधक व राजेन्द्र कुमार गुप्ता सामुदायिक आयोजक डूडा एवं अन्य कमर्चारी उपस्थित रहे।

# भैस चोरी के 02 अभियुक्त तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**भैस चोरी की घटना को आरोपियों ने कबूला लेकिन नहीं बरामद हुई भैस**

**कौशांबी।** भैस चोरी करने वाले लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार तो किया है लेकिन उनके कब्जे से चोरी की भैस पुलिस नहीं बरामद कर सकी है सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा 22 मार्च को क्षेत्र में गस्त चेकिंग की जा रही थी की इसी दौरान आकिब पुत्र गुलसेर उर्फ गोला निवासी मोहिद्दीनपुर देवछार सड़वा थाना सरांय अकिल वा कुलदीप उर्फ कल्लू पुत्र किशुन निवासी ग्राम म्यौहर थाना करारी जनपद को पुरखास शकील की बगिया से गिरफ्तार किया अभियुक्तों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 02 तमंचा 315 बोर, 02 कारतूस, 9080 रू0 व 01 मोटरसाइकिल बरामद किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सराय अकिल पर मु0अ0सं0 71/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया बरामद मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट में सीज किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग भैस चोरी करते है और अपने बचाव के लिये तमन्चा रखते है हम लोगो ने दिनाँक 13.03.2026 को ग्राम बरई से एक भैस चोरी किये थे जिसको हम लोगो ने अझुवा बाजार मेले के बाहर अज्ञात व्यक्ति को 30,000 रुपये में बेंच दिया था हम दोनों ने 15,000-15,000 रुपये आपस में बाट लिये थे जिसमें से कुछ पैसा खर्च हो गया है शेष यही पैसा हमारे पास बचा है।

## चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्त को सैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली के सिराथू ओवर ब्रिज के पास स्थित धनेन्द्र कुमार निवासी शीतलाधाम थाना कड़ाधाम के इलैक्ट्रानिक की दुकान से 20 मार्च की रात चोरो द्वारा 02 इनवर्टर व एक बैटरी चोरी कर लिया गया थाना पर मु0अ0सं0 96/2026 धारा 331(4)/305 बीएनएस पंजीकृत हुआ थाना सैनी पुलिस ने सर्विलांस एवं सीसीटीवी के माध्यम से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश मे आए अभियुक्त अतुल दुबे पुत्र मनोज दुबे निवासी वार्ड नं0 05 सिराथू थाना सैनी को गिरफ्तार किया व 01 अन्य बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा मे लिया अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 01 बैटरी व 02 इनवर्टर बरामद हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

## जतन पासी को पिपरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** हुआ की फड़ में आठ लाख रुपए हार जाने के बाद शुरू हुए लेनदेन के विवाद के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में जुआरी मुमताज की मौत हो गई है मुमताज के पास मौजूद 8 लाख रुपए भी गायब हो गए उसका मोबाइल भी गायब हो गया था बताया जाता है कि जुआ की फड़ में 8 लाख रुपए और उसका मोबाइल जतन पासी ने छीन लिया था मुमताज की मौत के बाद पत्नी की शिकायत पर पिपरी थाना पुलिस ने सोमवार को जतन पासी को गिरफ्तार कर लिया है मुमताज की मौत के संबंध में जतन पासी से थाना पुलिस पूछताछ कर रही है।

## थाना पिपरी पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस ने मु.अ.सं. 129/11 धारा 452/ 323/ 504 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त कैलाश पटेल पुत्र राम लखन निवासी फतेहपुर सहावपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# चौकी इंचार्ज के संरक्षण में चौराड़ीह में जमती है जुए की फड़

अखंड भारत संदेश



जुए के फड़ में लाखों के लेनदेन के विवाद के बाद चार दिन पहले हो चुकी है जुआरी मुमताज अहमद की मौत

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव में लगातार जुए का खेल हो रहा है कभी बरियावा की बाग में जुआ होता है तो कभी चौराडीह गांव में जुआ का खेल होता है दजर्नों जुआरी जुड़ते हैं लाखों रुपए फंड पर मौजूद होता है आखिर जुआरियों की हिम्मत इतनी कैसे हुई कि रूटीन वर्क जुआ खेलने बन गया है यदि चौकी पुलिस का संरक्षण नहीं है तो खुलेआम प्रतिदिन जुआ का खेल खेलने में जुआरियों का हौसला कैसे बढ़ा हैं जुआ के धंधे का संचालक जुआ में रकम जीतने वाले से कमीशन के रूप में नाल की रकम वसूलता है जो बड़ा अपराध है लेकिन इसी कमीशन नाल की रकम से चौकी पुलिस को हिस्सा पहुंचता है जिससे अपराध पर पर्दा पड़ा रहता है बार-बार शिकायत होने के बाद भी चौकी पुलिस और जुआ संचालकों की दोस्ती कमजोर नहीं हुई है अफसरों से शिकायत के बाद जुआ की फड़ नहीं बंद होती है केवल स्थान बदल जाता है जिससे जुआरी और चौकी पुलिस के संबंधों का अंदाजा लगाया जा सकता है बीते तीन वर्षो से लगातार चौराडीह और उसके आसपास जुए का बेखौफ खेल खुलेआम होता है जहां कई दर्जन जुआरी जुआ की फड़ पर प्रतिदिन एकत्रित होते है स्थानीय के साथ-साथ बाहरी जुआरी भी बुलाए जाते हैं लाखों रुपए का जुआ खुलेआम खेला जाता है हार जीत के बाद जुआरियो के बीच विवाद भी होता है मारपीट भी होती है जुआ की फड़ में आठ लाख रुपए हारने के बाद चार दिन पहले जुआरी मुमताज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है मुमताज की मौत हत्या आत्महत्या के बीच उलझी हुई है कुछ लोगों का कहना है कि जुआ में हारने के बाद लाखों के लेनदेन के विवाद के चलते हत्या कर दी गई है तो किसी को कहना है कि उसने जुआ में लाखों रुपए हारने के बाद आत्महत्या कर लिया है लेकिन मौत किसी तरह भी हुई हो जुआ की फड़ में हारने के बाद मौत के मामले में पुलिस पर सवाल खड़ा कर दिया है हालांकि थाना चौकी पुलिस तो लगातार कहती है कि जुआ नहीं होता है जिससे पुलिस के संरक्षण में जुए के खेल से इनकार नहीं किया जा सकता है किसी जतन पासी के ऊपर गंभीर आरोप लग रहे हैं हालांकि पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# सम्पादकीय

## एचडीएफसी चेयरमैन का...

**पूरी** दुनिया में इस समय ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के छेड़े गए युद्ध के कारण आर्थिक संकट कायम हो गया है। तेल और गैस की आपूर्ति में बाधा पड़ने का असर तमाम क्षेत्रों में पड़ रहा है। ये युद्ध कब और कैसे रुकेगा और जो नुकसान दुनिया को हो रहा है, उसकी भरपाई कैसे होगी, इन कठिन सवालों से बाकी देशों के साथ भारत भी जूझ रहा है। लेकिन इस बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में एक और घबराहट भरी हलचल देखने मिली। जिसकी वजह से एक दिन में एचडीएफसी को शेयर बाजार में एक लाख करोड़ रूपए का घाटा उठाना पड़ा है। इतना बड़ा घाटा भले ही कंपनी के नाम दर्ज है, मगर इसका भुगतान आखिरकार बैंक के खाताधारकों को ही किसी न किसी तरह से करना पड़ेगा। दरअसल देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने बुधवार देर रात बोर्ड से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बैंक के अंदर कुछ घटनाओं को अपने व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप न बताते हुए इस्तीफा दिया। यह महज एक शीर्ष पदाधिकारी का पद छोड़ने जैसी सामान्य घटना नहीं है। बल्कि इसमें असली सवाल नैतिकता और भरोसे का है। अतनु चक्रवर्ती ने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा है कि, 'पिछले दो वर्षों में बैंक के अंदर जो कुछ घटनाएं और चलन मैंने देखा है, वे मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। यही मेरे इस फैसले का आधार है।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 'मेरे इस्तीफे का कोई अन्य सामग्री कारण नहीं है, सिवाय ऊपर बताए गए के।' उन्होंने कहा कि बीते दो सालों में बैंक के अंदर ऐसी घटनाएं हुई है, जो तौर तरीके अपनाए गए, वो उनसे सहमत नहीं हैं।

# अभी भी झोल है जीडीपी की गणना में

**अरविन्द मोहन**

**अब** इसे चालाकी मानें या भूल सुधार लेकिन नई श्रृंखला बनाने में भी कम चालाकियां नहीं दिखतीं। सबसे बड़ी चालाकी तो जीडीपी के मूल आधार की गिनती का ही है जिसे 2025-26 में 357 लाख करोड़ की जगह 345 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया। जब गणना चालू कीमत के आधार पर होनी है तो इतना बड़ा फर्क कैसे आ सकता है। यह जरूर होगा कि आधार/बेस सिकुड़ेगा तो जीडीपी विकास दर का हिसाब ऊपर जाएगा।

इसे मात्र संयोग मानना चाहिए कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की नई श्रृंखला जारी होते ही कीमतें बढ़ने का और सकल घरेलू उत्पादन-जीडीपी की गणना की नई श्रृंखला जारी होते ही वैश्विक स्तर पर काफी उथल-पुथल का दौर शुरू हो गया है और जाहिर तौर पर हमारी अर्थव्यवस्था उससे भी प्रभावित होगी ही। प्रधानमंत्री समेत सरकार के कई कर्ताधताओं को आज आत्मनिर्भरता की नीति याद भले आती हो लेकिन मौजूदा सारी नीतियां दरवाजे खोलने वाली ही हैं। इन सब के बीच यह कहने में




हर्ज नहीं है कि 12 साल बाद आई नई श्रृंखला का स्वागत होना चाहिए क्योंकि यह काम हर दस साल में हो जाना चाहिए। दूसरी बड़ी बात इस श्रृंखला में किए गए बदलावों की है जो निश्चित रूप से हमारी आर्थिक गणना को पहले से ज्यादा व्यापक आधार देते हैं और इसलिए वास्तविकता के ज्यादा करीब पहुंचाएंगे। 2011-12 के आधार वर्ष वाली पिछली श्रृंखला भी मोदी राज में ही जारी हुई थी और उसमें किए गए कुछ बदलावों की पूरे समय आलोचना होती रही है क्योंकि उनसे जीडीपी विकास की दर कुछ ज्यादा ही तेज दिखने का आरोप था और दूसरों की कौन कहे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने सूचकांकों के मामले में उसे सी-ग्रेड दिया था जिस पर अच्छा खासा बवाल मचा। सांख्यिकी से जुड़े हमारे जानकार भी उसमें गंभीर कमियों पर शोर मचाते रहे लेकिन काम बढ़ता गया।

अब इस बार क्या-क्या बदलाव हुए हैं उसकी पूरी जानकारी तो 26 फरवरी के सरकारी रिलीज में बहुत विस्तार से बताई गई है। लेकिन इतना बताना जरूरी है कि इसमें चालू अनुभवों के आधार पर अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के भारांक में बदलाव किया गया है। जीएसटी, ई-वाहन डाटा और प्रॉविडन्ट फंड जैसे नए ठिकानों पर स्वाभाविक क्रम और नई तकनीक के चलते जुटने वाले आंकड़ों को ज्यादा महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है और जीडीपी-ऋण अनुपात तथा राजकोषीय प्रबंधन संबंधी गणना को और सुधारने का प्रयास किया गया है। इसका एक मतलब अनौपचारिक क्षेत्र को औपचारिक गणना में स्थान देने के साथ महत्व देना है और इससे गणना सुधरेगी। एक कोशिश पुरानी श्रृंखला की जाहिर कमजोरियों से हल्का होने का है और संभव है कि इससे कुछ हिसाब बदलेंगे जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के सपने का कुछ और दूर हो जाना भी हो सकता है। लेकिन इन सबके ऊपर विकास दर के तेज होने की उम्मीद भी जाहिर की गई। अब इसे चालाकी मानें या भूल सुधार लेकिन नई श्रृंखला बनाने में भी कम चालाकियां नहीं दिखतीं। सबसे बड़ी चालाकी तो जीडीपी के मूल आधार की गिनती का ही है जिसे 2025-26 में 357 लाख करोड़ की जगह 345 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया। जब गणना चालू कीमत के आधार पर होनी है तो इतना बड़ा फर्क कैसे आ सकता है। यह जरूर होगा कि आधार/बेस सिकुड़ेगा तो जीडीपी विकास दर का हिसाब ऊपर जाएगा। यह भी गड़बड़ लगता है कि आप नई श्रृंखला में सेवा क्षेत्र के भारांक को कम करें और कृषि तथा करखनिया उत्पादन का भारांक बढ़ा दें। खेती का योगदान हमारे जीवन में ही नहीं अर्थव्यवस्था में कम होता गया है भले ही भोजन में उसके योगदान को कोई भी अर्थव्यवस्था नहीं भूल सकती। यहां खपत वाला पक्ष हिसाब के लगभग बाहर है। महंगाई और खपत-उत्पादन के परस्पर रिश्ते को समझना और उसे सूचकांकों तथा नमूना सर्वेक्षणों के अलावा दूसरी सूचनाओं के आधार पर ले जाने का फैसला भी बहुत साफ सुथरा नहीं है।

# ईरान युद्ध के सबक मौजूदा संघर्ष से कहीं आगे बाजार का आकार तय करेंगे

**के रवींद्रन**

**जो बात** साफ हो रही है वह यह कि ऊर्जा मूल्य निर्धारण का ढांचा अवसंरचनात्मक अनिश्चितता की एक नई परत को सोख रहा है। गैर सरकारी प्रतिभागियों और क्षेत्रीय रूप से जुड़े अप्रत्यक्ष नेटवर्क के बढ़ने से एक लगातार, कम-तीव्रता वाला लेकिन बहुत अप्रत्याशित खतरे का माहौल बन गया है। ये प्रतिभागी, जो अक्सर औपचारिक राजकीय जवाबदेही की सीमाओं के बाहर काम करते हैं।

ऊर्जा बाजार एक ऐसे दौर में जा रहा है, जहां मूल्य निर्धारण मॉडल के आधार पर बनी पारंपरिक धारणाएं संघर्ष के बदलते स्वरूप से पूरी तरह बदल रही हैं, जिसमें ईरान




युद्ध एक अहम मोड़ है। दशकों से, तेल की कीमतें ज्यादातर राज्य द्वारा चलाए जाने वाले परिवर्तनीय कारकों जैसे उत्पादन कोटा, औपचारिक प्रतिबंध व्यवस्था और देशों के बीच बड़े पैमाने पर सैन्य टकराव पर निर्भर रही हैं। वह ढांचा, हालांकि अभी भी काम का है, लेकिन जोखिम के उभरते कार्य-व्यापार को समझने में तेजी से कम उपयोगी साबित हो रहा है जो अब वैश्विक ऊर्जा की जटिलता को परिभाषित करते हैं।

जो बात साफ हो रही है वह यह कि ऊर्जा मूल्य निर्धारण का ढांचा अवसंरचनात्मक अनिश्चितता की एक नई परत को सोख रहा है। गैर सरकारी प्रतिभागियों और क्षेत्रीय रूप से जुड़े अप्रत्यक्ष नेटवर्क के बढ़ने से एक लगातार, कम-तीव्रता वाला लेकिन बहुत अप्रत्याशित खतरे का माहौल बन गया है। ये प्रतिभागी, जो अक्सर औपचारिक राजकीय जवाबदेही की सीमाओं के बाहर काम करते हैं, उनमें जरूरी ऊर्जा अवसंरचना को ज्यादा सटीकता से दुष्प्रभावित करने की क्षमता होती है। उनके कार्य, चाहे वे पाइपलाइन, शिपिंग लेन, रिफाइनरी, या ऑफ शोर इंस्टॉलेशन को लक्षित कर रहे हों, उनके लिए बाजार में बड़ी प्रतिक्रिया लाने के लिए पारंपरिक युद्ध के पैमाने की जरूरत नहीं होती है। इसके बजाय, थोड़ी-बहुत रुकावटें भी आपूर्ति श्रृंखला में फैल सकती हैं, जिससे ऐसे प्रणाली में उथल-पुथल बढ़ जाती है जो पहले से ही मामूली असंतुलन के प्रति संवेदनशील है। ऐसा लगता है कि यह बदलाव बाजार के प्रतिभागियों की मूल सोच में शामिल हो रहा है। व्यापारी, इंश्योरेंस कंपनियां और नीति बनाने वाले रुकावट की ज्यादा संभावना को अपवाद के बजाय एक सतत कारक के तौर पर आंकने लगे हैं।

# सृष्टि संतुलन के लिये वनों की पुकार सुननी होगी

**-: ललित गर्ग :-**

**21 मार्च** को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस केवल एक प्रतीकात्मक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चुनौती की ओर संकेत करने वाला अवसर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2012 में इस दिवस की घोषणा इस उद्देश्य से की गई थी कि विश्व समुदाय वनों के महत्व को समझे, उनके संरक्षण के लिए संगठित प्रयास करे और प्रकृति के साथ संतुलित सह-अस्तित्व की दिशा में आगे बढ़े। आज जब पृथ्वी



अभूतपूर्व पर्यावरणीय संकटों से जूझ रही है, तब इस दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। वर्ष 2026 की थीम ह्लवन और भोजनह्व यह स्पष्ट करती है कि वन केवल हरित आच्छादन नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के मूल स्तंभ हैं।

वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन अपने चरम पर है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति ने मानव जीवन को संकटग्रस्त कर दिया है।

# युवा प्रतिभाओं को पूर्व मुख्यमंत्री से मिला सम्मान

**सुलतानपुर। समाजवादी** विचारधारा के प्रमुख नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर युवा खिलाड़ियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। उनके निर्देश पर समाजवादी युवजनसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमनाथ बिन्द द्वारा सुलतानपुर के होनहार खिलाड़ी व धर्मेंद्र निषाद (पत्रकार) के भतीजेअर्पित निषाद को उनके कोच शुभम धुरिया तथा उनके परिवार (माता एवं चाचा) को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह लखनऊ में आयोजित किया गया, जहाँ सभी को विशेष रूप से



आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।इस दौरान अर्पित निषाद को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु ?51,000 की आर्थिक सहायता प्रदान कर उनका उत्साह बर्धन किया गया। कोच शुभम धुरिया ने जानकारी दी कि अर्पित निषाद ने 31 जनवरी, 1 व 2 फरवरी 2026 को सुलतानपुर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप में जूनियर वर्ग (51 किलोग्राम भार वर्ग, बॉक्सिंग) में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई है। अब वे 24, 25 व 26 अप्रैल 2026 को बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित होने वाली एशियाई आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अर्पित निषाद ने बताया कि वे सुलतानपुर के मुंशी प्रेमचंद पार्क, इंडियन ड्रैगन फाइटर मार्शल आर्ट अकैडमी तथा सुलतानपुर आर्म बॉक्सिंग अकैडमी में कोच शुभम धुरिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वे भारत के लिए पदक जीतकर लौटेंगे।इस अवसर पर आर्म बॉक्सिंग के डायरेक्टर नसरुद्दीन ने खिलाड़ियों और कोच को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में कई देशों की टीमें भाग लेंगी और भारतीय खिलाड़ी निश्चित रूप से देश का नाम रोशन करेंगे।

# मंदिर से घंटा चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 18 पीतल के घंटे बरामद

**अखंड भारत संदेश**
**भदोही (गोपीगंज) ।**

**थाना** औराई क्षेत्र में मंदिर से घंटा चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी किए गए 18 पीतल के छोटे-बड़े घंटे बरामद किए गए हैं, जबकि एक अन्य आरोपी फरार बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम उपरौठ निवासी हौशिला पासी ने सूचना दी थी कि 20-21 मार्च की रात पहलवान वीर बाबा मंदिर (पावर





हाउस के सामने) से घंटा चोरी हो गया है। इस संबंध में थाना औराई में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत औराई पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 23 मार्च को हवाई पट्टी तिराहे के पास से आरोपी सर्वेश गिरी (23) निवासी उपरौठ को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी प्रद्युम गिरी के साथ मिलकर मंदिर से करीब 30 पीतल के घंटे चोरी किए थे। इनमें से 18 घंटे उसके पास से बरामद हुए हैं।

# मकान दिलाने के नाम पर पूर्व विधायक से 30 लाख की ठगी

**सुल्तानपुर-मकान** दिलाने के नाम पर पूर्व विधायक से 30 लाख की ठगी।लंभुआ से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अनिल कुमार पांडेय से मकान दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है।इस मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र के त्रिवेणीनगर निवासी अरविंद कुमार मिश्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।पूर्व विधायक का आरोप है कि आरोपी ने लखनऊ में मकान दिलाने के नाम पर उनसे 60 लाख रुपये का सौदा तय किया।

# अवैध बालू खनन,लदे ट्रैक्टर के चपेट में आया होम गार्ड जवान, पैर टूटा

**कोइरौना थाना क्षेत्र के इनारगांव तालिया की घटना।**

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। कहने** को भले ही जिला प्रशासन के तरफ से गंगा घाटों पर बालू के खनन पर रोक हैं लेकिन इसके बावजूद भी गंगा के किनारे गावों के आसपास बालू लदे ट्रैक्टर को देखा जा सकता है जो कहीं न कहीं जिम्मेदाररों की उदासीनता और मिलीभगत की वजह से हो पा रहा है और बालू की ढुलाई रात में अक्सर होती है। जबकि भदोही जिले में 2023 से बालू खनन पर रोक है क्योंकि भदोही जिले के कई गंगा घाट कछुआ संेचुरी के रूप में चिन्हित किया गया है। इसके बावजूद भी पता नहीं कैसे



गंगा घाटों से बालू की ढुलाई होती है? जिला प्रशासन के तरफ से अवैध बालू के खनन और ढुलाई को लेकर दो लाख से चार लाख तक जुमार्ना भी निर्धारित किया गया है लेकिन इसके बावजूद भी बालू का अवैध कारोबार फल फूल रहा है और जिम्मेदार केवल मुकदर्शक बने है।

# स्मार्टमीटर के नाम पर ठगी का आरोप,सौंपा ज्ञापन

**सुल्तानपुर। जनपद** में लगाए जा रहे स्मार्टमीटर को लेकर उपभोक्ताओं की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। मनमाने बिजली बिल और बिल अपडेट न होने की शिकायतों को लेकर नगरपालिका के पूर्व प्रत्याशी वरुण मिश्र व अधिवक्ता व आरटीआई एक्टिविस्ट राघवेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।वरुण मिश्र ने आरोप लगाया कि स्मार्टमीटर के नाम पर जनता के साथ ठगी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नाम स्मार्टमीटर है,लेकिन इसका काम उपभोक्ताओं को परेशान करना बन गया है। बिजली बिल मनमाने तरीके से भेजे जा रहे हैं और उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं



है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे स्मार्टमीटर का बहिष्कार करें और नया स्मार्टमीटर न लगवाएं।अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने कहा कि स्मार्टमीटर में कई तकनीकी खामियां हैं, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है।अधिकारियों की उदासीनता के कारण जनता परेशान है, लेकिन अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# शहीद दिवस पर निकली तिरंगा यात्रा, झूरी सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**
**भदोही (गोपीगंज) ।**

**शहीद** दिवस के अवसर पर सोमवार को मेरा युवा भारत, भदोही की ओर से तिरंगा यात्रा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में शहीद स्थल झूरी सिंह पार्क में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के तहत नागमलपुर से शहीद स्थल तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यात्रा के समापन के बाद स्वतंत्रता सेनानी झूरी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस




दौरान वक्ताओं ने झूरी सिंह के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, त्याग और बलिदान को याद करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि रामेश्वर सिंह ने कहा कि शहीदों के बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी रहे हैं, ऐसे में उनकी विरासत को संजोए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# शिवा क्लब कुरमइचा ने चतुर्थ सीतामढ़ी टेस्ट लीग की ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जिला** वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए) भदोही के तत्वावधान में सत्र 2025-26 की चतुर्थ सीतामढ़ी टेस्ट लीग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन कृष्णा क्लब रैपुरी के सौजन्य से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले की कुल 15 टीमों ने हिस्सा लिया, जिससे पूरे टूनार्मेंट में खेल प्रेमियों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रमुख समाजसेवी दिलीप भीम कन्नौजिया (जिलाध्यक्ष, लोहिया वाहिनी) द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन मैच शिवा क्लब कुरमइचा और रैपुरी ह्यबीह्ल के बीच खेला



गया, जिसमें कुरमइचा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25-18, 25-21 से जीत हासिल कर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए।

टूनार्मेंट के सेमीफाइनल मुकाबले भी बेहद रोमांचक रहे। पहले सेमीफाइनल में शिवा क्लब कुरमइचा ने युवा क्लब बरईपुर को कड़े मुकाबले में 25-22, 23-25, 25-21 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# एनएसएस शिविर का छठा दिन रहा खास: स्वच्छता अभियान, सामूहिक भोजन और बौद्धिक सत्र ने बढ़ाया छात्रों का उत्साह।

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद क्षेत्र स्थित शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन विविध गतिविधियों और प्रेरणादायक आयोजनों के साथ अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

दिन की शुरूआत महाविद्यालय परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान से हुई। छात्र-छात्राओं ने पूरे समर्पण और ऊर्जा के साथ






सफाई कार्य में भाग लिया और ह्लस्वच्छता ही सेवाह्व के संदेश को व्यवहारिक रूप से साकार किया। इस पहल का उद्देश्य न केवल परिसर को स्वच्छ रखना था, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना भी था।

इसके बाद शिविर में शामिल स्वयंसेवकों ने समूह बनाकर सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया। इस गतिविधि ने छात्रों के भीतर सहयोग, समन्वय और टीम भावना को मजबूत किया। साथ मिलकर कार्य करने की इस प्रक्रिया ने उन्हें व्यावहारिक जीवन के महत्वपूर्ण गुणों को सीखने का अवसर प्रदान किया।

शिविर के दौरान आयोजित बौद्धिक सत्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्री सुधाकर पाण्डेय ने सहभागिता की।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 3 गोवंश व 2 पिकअप वाहनों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के थाना जमानियाँ पुलिस द्वारा 03 अदद गोवंश एवं 02 अदद पिकप वाहन के साथ 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 23.03.2026 को उ0नि0 अश्वनी प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा हेतिमपुर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर बहादुरपुर पुलिया के पास से 02 नफर अभियुक्तगण 1.मनीष कुमार पुत्र मंगरू कुमार



2.अमित यादव पुत्र रामाश्रय यादव को 03 राशि गोवंश एवं 02 अदद पिकप वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 80/2026 धारा- 3/5अ/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 34 प्रार्थना पत्रों का हुआ निस्तारण।

**अखंड भारत संदेश**

गाजीपुर। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सैदपुर में अविनाश कुमार, की अध्यक्षता में तहसील सभागार मे सम्पन्न हुआ। जिसमे 70 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए मौके पर 06 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 241 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 34 शिकायत/प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 14 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 02 का मौके पर निस्तारण



किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 14 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। सेवराई तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 23 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 03 का निस्तारण किया गया। तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 29 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 02 निस्तारण किया गया। तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 35 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 06 का निस्तारण किया गया एवं तहसील मुहम्मदाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 56 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 10 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# तहसील मऊ में डीएम का अचानक छापा फाइलों की सुस्ती पर चला सख्त डंडा

- डीएम बोले- तारीख नहीं, निस्तारण चाहिए
- गंदगी, ढिलाई व अतिक्रमण पर नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**



तहसील मऊ का निरीक्षण करते डीएम

**मऊ/चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने तहसील मऊ का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक मशीनरी की रफ्तार को परखते हुए सख्त संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालयों की कार्यप्रणाली, लंबित वादों और फाइलों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया और साफ निर्देश दिए कि अब अनावश्यक तारीखों का खेल नहीं चलेगा। डीएम ने सबसे पुरानी फाइलों को खुद देखकर धारा 24 से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि हर पत्रावली पर यह दर्ज हो कि सुनवाई टलने का कारण अधिवक्ता है या वादकारी।

उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए हड़ताल के दौरान भी सुनवाई जारी रखने और हर सप्ताह कोर्ट कार्यवाही की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। परिसर में गंदगी और जर्जर शौचालय पर नाराजगी जताते हुए तत्काल जीर्णोद्धार के आदेश दिए गए। वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के जरिए कैंटीन संचालन और पोषक मिलेट्स को बढ़ावा देने की पहल भी सामने आई। निरीक्षण के अंत में डीएम ने मऊ चौराहे से महिला पुल तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का जायजा लेकर अतिक्रमण हटाने और कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

## खिलाड़ियों की सुरक्षा पर फोकस, चित्रकूट स्टेडियम में हाईटेक निगरानी की तैयारी

**चित्रकूट।** जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम को सुरक्षित और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने अहम पहल शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्टेडियम परिसर में खिलाड़ियों और आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके। जिला क्रीड़ाधिकारी के अनुसार यहां रोजाना बड़ी संख्या में बालक-बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षण लेते हैं, वहीं स्वास्थ्य लाभ के लिए आमजन भी पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना जरूरी हो गया था। गर्मी को देखते हुए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ ग्राउंड की सिंचाई और हरियाली बनाए रखने के लिए बोरिंग कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इन सभी कार्यों के लिए लगभग 5.45 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जिससे जल्द ही कार्य शुरू होंगे। प्रशासन का मानना है कि इन व्यवस्थाओं से खिलाड़ियों को बेहतर माहौल मिलेगा और खेल प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलेगी।

# विकास भवन में 20 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित, विधायक निधि से मिला सहयोग




सदर विधायक को सम्मानित करती जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी

**चित्रकूट।** जिले के विकास भवन परिसर में सोमवार को संवेदनशीलता और सशक्तिकरण का अनोखा संगम देखने को मिला, जब दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 20 गंभीर रूप से दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की गईं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि 80 से 100 प्रतिशत दिव्यांगता से जूझ रहे चयनित लाभार्थियों को एडिप योजना एवं विधायक निधि के सहयोग से यह सुविधा प्रदान की गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक अनिल प्रधान ने स्वयं अपने हाथों से लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल सौंपी, जिससे उनके चेहरों पर आत्मनिर्भरता की नई चमक साफ नजर आई। इस अवसर पर विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई, जिससे दिव्यांगजन अपने अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक हो सकें। विधायक ने न सिर्फ उनका हौसला बढ़ाया, बल्कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में और अधिक दिव्यांगजनों को इस योजना से जोड़ने का भरोसा भी दिलाया। यह पहल केवल साधन वितरण नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और स्वतंत्र जीवन की ओर एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

# सड़क पर मौत का खेल थामने की कवायद, प्रशासन ने कसी जिम्मेदारों पर नकेल

- ब्लैक स्पॉट से बेलगाम रफ्तार तक
- सड़क सुरक्षा पर बैठक

**चित्रकूट।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) चंद्रशेखर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई, जिसमें बीते निर्णयों की समीक्षा से लेकर भविष्य की रणनीति तक पर सख्त मंथन हुआ। बैठक में ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन, हेलमेट-सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग और रांग साइड ड्राइविंग के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को और सख्ती के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जिन सड़कों पर हादसे अधिक हो रहे हैं, वहां राष्ट्रीय राजमार्ग, पीडब्ल्यूडी, परिवहन और पुलिस विभाग संयुक्त निरीक्षण कर त्वरित सुधार कार्य कराएं। साथ ही कर्वी मंदाकिनी पुल निर्माण को तेजी देने, संकेतक बोर्ड, रंबल स्ट्रिप और रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के निर्देश दिए गए। जागरूकता को भी प्राथमिकता देते हुए ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों और स्कूलों में अभियान चलाने पर जोर दिया गया। पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी ने बताया कि 1 से 15 अप्रैल तक विद्यालयों में विशेष अभियान चलाकर वाहनों की फिटनेस जांच की जाएगी। बैठक में गोल्डन आवर में बेहतर इलाज, ट्रामा सेंटर की तैयारी और गुड सेमेरिटन सहायता जैसे अहम पहलुओं पर भी गहन चर्चा हुई।

# चैनल की चमक में सियासत का खेल, क्या चित्रकूट बना चुनावी पीआर का मंच?

- विकास के नाम पर सियासी मैनेजमेंट?
- जिले में विकास बना राजनीतिक स्क्रिप्ट?

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की सियासी फिजा इन दिनों अचानक बदली-बदली सी नजर आ रही है, जहां एक राष्ट्रीय चैनल की एंट्री ने सिर्फ चर्चा ही नहीं, बल्कि कई गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। कैमरों की रोशनी में सजे इस मंच पर बड़े-बड़े चेहरे दिखाई दिए, बड़ी-बड़ी बातें हुईं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस पूरे आयोजन का असली एजेंडा क्या था- जनता के मुद्दे या सत्ता का महिमामंडन? कार्यक्रम के दौरान विकास को केंद्र में रखकर जिस तरह से सत्ताधारी नेताओं ने अपनी उपलब्धियों का बखान किया और हर उपलब्धि को मोदी जी/योगी जी की कृपा से जोड़ दिया, उसने इस चर्चा की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आमतौर पर विकास की बातें विज्ञापनों के जरिए जनता तक पहुंचती हैं, लेकिन यहां खुद नेता ही कैमरे के सामने विकास के ब्रांड एंबेसडर बनकर उभरे, जिससे यह संदेह और गहरा हो गया कि क्या यह संवाद था या आगामी चुनाव को देखते हुए एक सधे हुए पीआर अभियान का हिस्सा। और भी दिलचस्प यह रहा कि मंच से यह तक कहा गया कि इतना विकास सिर्फ इसी सरकार में हुआ, जिससे यह संदेश देने की कोशिश की गई कि विपक्ष भी इस बात को मान रहा है। ऐसे में सवाल लाजिमी है कि क्या यह एक संतुलित बहस थी या एकतरफा प्रचार? सबसे अहम बात यह है कि इस पूरे कार्यक्रम में आम जनता के असली मुद्दे- बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय समस्याएं- कहीं भी मुख्यधारा में नजर नहीं आए। यही वजह है कि अब चित्रकूट की गलियों से लेकर सियासी गलियारों तक यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि क्या यह चैनल सच में जनता की आवाज बनने आया था या फिर आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए एक सुनियोजित राजनीतिक पीआर अभियान का हिस्सा था, जिसकी स्क्रिप्ट पहले से तैयार थी और मंच सिर्फ उसका प्रदर्शन भर था।

### पर्यटक पहले या नागरिक? राजापुर में विकास का उल्टा गणित

राजापुर में 2 साल 10 महीने के कार्यकाल के बाद भी बुनियादी सुविधाएं सवालों के घेरे में हैं, जबकि दावा पर्यटन विकास का किया जा रहा है। पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था तो बनाई गई, लेकिन स्थानीय नागरिक आज भी नाली-पानी जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। सवाल है कि आखिर विकास का प्राथमिक हकदार कौन- स्थानीय जनता या बाहरी पर्यटक? तुलसी जन्मभूमि के नाम पर बड़े-बड़े गेट और ठेकेदारों को मिले टेंडर जरूर नजर आते हैं, लेकिन क्या पर्यटक इन टूटी नालियों और बदहाल व्यवस्था को नही देखेंगे?

### स्क्रिप्टेड बहस या सियासी खेल?

- सदर विधायक की संपत्ति पर बार-बार सवाल, फिर उसी से उपलब्धियां पूछना- जबकि भाजपा के अन्य नेताओं की बढ़ती संपत्तियों पर कोई चर्चा नहीं- यह एकतरफा नैरेटिव गढ़ने की कोशिश को उजागर नही करता?
- राजापुर की रैंकिंग सुधार को नेता द्वारा कैमरे पर हाईलाइट करना- क्या यह मात्र सहज बयान हैं, या ऑरगनाइज्ड चुनावी नैरेटिव सेट करने का सुनियोजित प्रयास?
- जैसे ही सपा ने विकास मॉडल और पावर प्लांट जैसे ठोस मुद्दे उठाए, चर्चा को तुरंत- क्या विपक्ष मजबूत है? जनता ने दो बार आपको नकारा है? क्या योगी सरकार हैट्रिक लगाएगी? जैसे चुनावी विमर्श में मोड़ दिया गया।
- भाजपा के दावों पर मंच पर तालियों की गूंज, जबकि सपा के कामों पर संदेह- और जब विपक्ष ने भाजपा को तीखे सवालों से घेरा, तो चर्चा को अचानक खत्म कर देना, क्या यह स्क्रिप्टेड फ्लो की ओर इशारा नहीं करता?
- वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया पर सवाल से बचाव- सपा नेता अनुज द्वारा स्थानीय माफियाओं की सूची और आरोप सामने रखते ही एंकर का असहज होना और सवाल बदल देना- क्या संवेदनशील मुद्दों से बचने की स्पष्ट रणनीति नही दिखाता ?
- जिले के सबसे ज्वलंत मुद्दे- बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और घोटाले- पूरी चर्चा से लगभग गायब रहे, जिससे यह सवाल और गहरा हो जाता है कि क्या जानबूझकर असहज विषयों को एजेंडे से बाहर रखा गया?

# जिले में स्वास्थ्य व रोजगार से जुड़ी परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

**चित्रकूट।** जिले में विकास कार्यों को नई गति देने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में कई अहम परियोजनाओं को हरी झंडी मिल गई है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं और स्थानीय रोजगार दोनों को मजबूती मिलेगी। क्रिटिकल गैप्स योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर में 9.38 लाख रुपए से रैन बसेरा और शौचालय निर्माण शुरू हो रहा है, ताकि दूरदराज से आने वाले मरीजों व तीमारदारों को राहत मिल सके। वहीं पहाड़ी ब्लॉक के सरधुवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 9.17 लाख रुपए से 5 शैय्या वाले रैन बसेरा, जनरेटर और आरओ वाटर कूलर की व्यवस्था की जा रही है। दूसरी ओर मऊ क्षेत्र में उम्मीद प्रेरणा लघु उद्योग के लिए 7.21 लाख रुपए से गोदाम निर्माण की स्वीकृति मिली है, जहां स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रतिदिन 2.5 मीट्रिक टन पुष्टाहार तैयार कर सकेंगी।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर गरजे डीएम, अफसरों को अल्टीमेटम

**मऊ/चित्रकूट।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जनसमस्याओं पर सख्त रुख अपनाया। चकरोड, नाली, अतिक्रमण और राजस्व विवादों की शिकायतों पर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। फार्मर रजिस्ट्री में धीमी प्रगति और नाम संशोधन में गड़बड़ी पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि केवल ऑनलाइन प्रक्रिया ही मान्य होगी। आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही पर भी चेतावनी दी गई, जबकि महिला संबंधी मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

# नवनिर्माण के 9 साल- पहाड़ी ब्लॉक में योजनाओं की चमक, मेहनत को मिला मंच

- महिलाएं, श्रमिक व किसान मंच पर
- गांव से उठी विकास की गूंज

**अखंड भारत संदेश**



गोष्ठी में किसानों को सम्मानित करते ब्लॉक प्रमुख

**चित्रकूट।** जिले के विकासखंड पहाड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां विकास और जनभागीदारी का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने की, जबकि खंड विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए स्वयं सहायता समूह की 10 महिलाओं को स्वरोजगार और सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं मनरेगा के तहत निष्ठा से कार्य करने वाले श्रमिकों को मंच पर सम्मान देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में पशुपालकों और ग्राम प्रधानों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित हुआ, जिससे ग्रामीण विकास की नई दिशा तय करने का प्रयास किया गया। अपने संबोधन में ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि 9 वर्षों में प्रदेश ने विकास की नई रफ्तार पकड़ी है, जिसका असर अब गांव-गांव में दिखाई दे रहा है। खंड विकास अधिकारी ने भी योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। समारोह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों की भागीदारी ने इसे विकास के उत्सव में बदल दिया।

# महावीर जयंती पर भी नहीं रुकेगा लेन-देन, आधी रात तक खुलेंगे बैंक

**चित्रकूट।** जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन को लेकर प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। 31 मार्च को महावीर जयंती का सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद सरकारी लेन-देन को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने वित्तीय हस्त पुस्तिका के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए निर्देश दिया है कि भारतीय स्टेट बैंक कर्वी, कोषागार चित्रकूट और एनआईसी कार्यालय 31 मार्च को मध्यरात्रि 12 बजे तक खुले रहेंगे। शासन के निर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन भारी लेन-देन की संभावना को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि राजकीय धनराशि के आदान-प्रदान में किसी प्रकार की बाधा न आए।

# आप कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को दी श्रद्धांजलि, मनाई लोहिया जयंती




**चित्रकूट।** जिले में आम आदमी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को शहीदे-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की पुण्यतिथि तथा महान समाजवादी विचारक डॉ राममनोहर लोहिया की जयंती श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई गई। पार्टी कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने कहा कि शहीदों का बलिदान और लोहिया के समाजवादी विचार आज भी देश को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने कार्यकताओं से जनहित और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महासचिव जितेंद्र गोयल समेत विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जहां माहौल देशभक्ति और विचारधारा के संकल्प से ओतप्रोत नजर आया।

## जनपद में स्वीकृत स्वास्थ्य उपकेन्द्रों और लैब सुविधाओं का कार्य प्रगति पर

**चित्रकूट।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और सुलभ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वीकृत 20 उपकेन्द्रों के निर्माण कार्यों को तेज गति दी जा रही है, जिनमें से 5 का निर्माण जिला पंचायत के माध्यम से कराया जा रहा है। मऊ, मानिकपुर, रामनगर, पहाड़ी और शिवरामपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाले इन उपकेन्द्रों पर लगभग 205.95 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिससे हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही संयुक्त जिला चिकित्सालय में अत्याधुनिक आईपीएचएल लैब और ब्लॉक स्तर पर बीपीएमयू लैब को क्रियाशील किया जा रहा है। शिवरामपुर में निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि अन्य स्थानों पर कार्य अंतिम चरण में है। अब मरीजों को जांच और इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रशासन ने समयसीमा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की नई उम्मीद जगी है।

# मलूक पीठाधीश्वर का दौरा, पद्मश्री डॉ बीके जैन को भावभीनी श्रद्धांजलि



पारिवारिक जनों को आशीर्वाद देते मूलक महाराज

**चित्रकूट।** जिले में मानव सेवा की अद्भुत मिसाल बने सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय का भ्रमण करते हुए मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज ने यहां संचालित विभिन्न प्रकल्पों की सराहना की। संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के इस संस्थान में महाराज श्री का भव्य स्वागत किया गया। ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने उन्हें चिकित्सालय के विभिन्न विभागों, नेत्र वार्ड और मॉडल का अवलोकन कराया। ग्रामीण अंचल में इतनी सशक्त चिकित्सा व्यवस्था को देखकर महाराज श्री ने इसे दूर-दराज के मरीजों के लिए वरदान बताया। इसके पश्चात उन्होंने पद्मश्री स्वर्गीय डॉ बीके जैन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सेवा, त्याग और समर्पण की जीवंत मिसाल बताया, जिनकी बदौलत यह संस्थान आज विश्वस्तरीय पहचान बना चुका है।

## बुंदेली सेना की हुंकार के बाद जागा प्रशासन, राजाघाट की समस्याओं पर निरीक्षण

**राजाघाट पर पहुंचे ईओ, समाधान का दिया भरोसा**



**चित्रकूट।** जिले में बुंदेली सेना की मांग और लगातार चल रहे सफाई अभियान का असर सोमवार को तब दिखा जब नगर पालिका के ईओ लाल जी नवनिर्मित राजाघाट का निरीक्षण करने पहुंचे। घाट की बदहाल व्यवस्था और मूलभूत समस्याओं को लेकर बुंदेली सेना ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। निरीक्षण के दौरान घाट पर जमा मिट्टी, कापर डैम की बोरियों को हटाने, हवन-पूजन सामग्री के लिए अलग विसर्जन कुंड बनाने और इंटेकवेल के पास गिर रहे नाली के पानी को रोकने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। ईओ ने मौके पर हालात का जायजा लेते हुए समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का भरोसा दिया। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा तीन दिनों से लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है और चौथे दिन भी अभियान जारी रहा। इस दौरान नदी में उगी चोई घास को निकाला गया और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। राजाघाट को व्यवस्थित करने के बाद अब सेना की टीम पुलघाट और रामघाट की ओर अभियान बढ़ाने की तैयारी में है, जिससे नदी किनारे स्वच्छता और व्यवस्था का संदेश दूर तक पहुंचे।

# रामघाट पर सुरक्षा की नई लकीर, मंदाकिनी में फ्लोटिंग बैरियर से हादसों पर ब्रेक

**गहरे पानी में जाने पर रोक**

**अखंड भारत संदेश**



अमावस्या भीड़ के बीच मंदाकिनी में तैरता फ्लोटिंग बैरियर

**चित्रकूट।** जिले के रामघाट स्थित मंदाकिनी नदी में अमावस्या और अन्य पर्वों पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मोर्चे पर बड़ा कदम उठाया है। स्नान के दौरान गहरे पानी में जाने से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा 26.20 लाख रुपए की लागत से फ्लोटिंग बैरियर स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देशन में तैयार यह सुरक्षा घेरा श्रद्धालुओं को निर्धारित सीमा में बनाए रखने में मदद करेगा, जिससे डूबने जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। हर साल बढ़ती भीड़ के बीच यह पहल न केवल जनसुरक्षा को मजबूत करेगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी सुरक्षित और व्यवस्थित दिशा देगी। प्रशासन का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

# होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की घेराबंदी, अमेरिका-ब्रिटेन समेत 22 देशों ने जारी किया कड़ा संयुक्त बयान

**अमेरिका**

**अमेरि**की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्धविराम में दिलचस्पी नहीं रखता और सैन्य कार्रवाई जारी रखेगा। ब्रिटेन ने अमेरिकी सेना को ईरान से संबंधित हमलों के लिए अपने सैन्य अड्डों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। इस बीच, ईरान के नेता मोजतबा खामेनेई ने पड़ोसी देशों में हमलों के लिए इजरायल पर आरोप लगाया है, जिससे तनाव और बढ़ गया है। मध्य पूर्व में संघर्ष प्रमुख देशों के कड़े बयानों और नए घटनाक्रमों के साथ और तीव्र होता जा रहा है। अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि वह सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार नहीं है, जबकि ईरान ने इजरायल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि संघर्ष के इस चरण में अमेरिका युद्धविराम की तलाश में नहीं है। व्हाइट हाउस से रवाना होने से पहले बोलते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सैन्य अभियान अभी भी मुख्य केंद्र बिंदु हैं। ट्रंप ने कहा कि हालांकि बातचीत संभव है, लेकिन फिलहाल



लड़ाई रोकना प्राथमिकता नहीं है।

ब्रिटेन ने अमेरिकी सेना को ईरानी मिसाइल खतरों से संबंधित अभियानों के लिए अपने सैन्य अड्डों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। इन कार्रवाइयों का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षा करना है, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक समुद्री मार्ग है। हालांकि, ट्रंप ने ब्रिटेन के इस फैसले के समय पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम पहले उठाया जाना चाहिए था। इस बीच, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने ओमान और तुर्की में हमले करने के लिए इजरायल पर आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि इन कार्रवाइयों का उद्देश्य ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच गलतफहमी और तनाव पैदा करना था। उनके अनुसार, ये कदम क्षेत्र को विभाजित करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं।

होर्मुज जलडमरूमध्य पर संयुक्त बयान

संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, जापान, कनाडा, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, डेनमार्क, लातविया, स्लोवेनिया, एस्टोनिया, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड, चेकिया, रोमानिया, बहरीन, लिथुआनिया और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर एक संयुक्त बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है, हम खाड़ी में निहत्थे वाणिज्यिक जहाजों पर ईरान द्वारा किए गए हालिया हमलों, तेल और गैस प्रतिष्ठानों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमलों और ईरानी सेना द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को वस्तुतः बंद करने की कड़ी निंदा करते हैं।

# ईरान की अमेरिका और इजराइल को सीधी चेतावनी

**ईरान**

**ईरान** ने अमेरिका और इजराइल को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष के बीच, ईरान अपने बुनियादी ढांचे पर किसी भी हमले का व्यापक जवाबी हमले करेगा। यह जानकारी ईरान की सरकारी मीडिया तसनीम न्यूज एजेंसी ने दी। केंद्रीय खातम अल-अनबिया मुख्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि अगर आक्रामकता जारी रही तो ईरान के सशस्त्र बल अपनी प्रतिक्रिया को और तेज करने के लिए तैयार हैं। तसनीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि हमारे बुनियादी ढांचे पर हमला करो, और हम तुम्हारे और भी महत्वपूर्ण और असंख्य बुनियादी ढांचे पर हमला करेंगे। हम शक्तिशाली हैं और ईश्वर की कृपा से शक्तिशाली बने रहेंगे।" उन्होंने ईरान की सैन्य प्रतिक्रिया को और तेज करने की तत्परता को रेखांकित किया। उन्होंने आगे कहा कि ईरान न केवल अपनी रक्षा कर रहा है, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा



और व्यापक मुस्लिम जगत के हित में भी कार्य कर रहा है।

तसनीम समाचार एजेंसी के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा, "ईरान न केवल अपनी रक्षा के लिए लड़ रहा है, बल्कि क्षेत्र और मुसलमानों की सुरक्षा के लिए भी लड़ रहा है। केंद्रीय खातम अल-अनबिया मुख्यालय ईरान की सर्वोच्च परिचालन कमान इकाई है जो सेना और इस्लामिक क्रांति रक्षक कोर (आईआरजीसी) के बीच अभियानों का समन्वय करती है। रणनीतिक जलमार्गों पर प्रकाश डालते हुए, प्रवक्ता ने महत्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा पारगमन मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की ताकत पर जोर दिया, जो मौजूदा संघर्ष में इसके महत्व को दर्शाता है। प्रवक्ता ने आगे चेतावनी दी कि संघर्ष लंबा खिंच सकता है और कहा कि दुश्मनों का मुकाबला करने का रास्ता प्रतिरोध में निहित है। तस्मीन समाचार एजेंसी के अनुसार, उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान अपनी महानता दिखा रहा है। हमने आपकी हार का रास्ता जान लिया है, और वह है प्रतिरोध। दुश्मन जानते हैं कि युद्ध जारी रखने का मतलब है उनके तबाह ठिकानों पर एक और तबाही, जिसका पुनर्निर्माण संभव नहीं होगा। ईरान के रुख की पुष्टि करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा ।

# एफ-35 के बाद अब इजरायल के फाइटर जेट को भी किया ढेर, ईरान का चौंकाने वाला दावा

**ईरान**

**ईरान** की सेना ने शनिवार को एक इजरायली लड़ाकू विमान को निशाना बनाने का दावा किया है। यह घटना क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच, एक अमेरिकी एफ-35 लाइटनिंग क्क विमान को कथित तौर पर मार गिराने के प्रयास की खबरों के एक दिन बाद हुई है। तेहरान टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल ने स्वीकार किया है कि ईरान के ऊपर उड़ान भरते समय उसके एक लड़ाकू विमान पर हमला हुआ था। इजरायली सेना ने कहा कि मिशन के दौरान विमान को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से निशाना बनाया गया था, हालांकि उसने शामिल विमान के प्रकार का विवरण नहीं दिया। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली वायु सेना ने पुष्टि की है कि ईरानी हवाई क्षेत्र में उड़ान भरते समय विमान पर रोधी गोलीबारी हुई। इजराइल रक्षा बलों ने बताया कि मिसाइल विमान की ओर दागी गई थी, लेकिन चालक दल ने मानक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए खतरे को टाल दिया और बिना किसी नुकसान के मिशन पूरा किया। रिपोर्टों में यह भी बताया गया है कि पायलट बाल-बाल मिसाइल की चपेट में आ गया था, लेकिन त्वरित प्रतिक्रिया और कुशल संचालन के कारण वह मिसाइल से बच गया। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन यह घटना ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों के खिलाफ उड़ान भरते समय इजराइली विमानों के सामने आने वाले लगातार जोखिमों को उजागर करती है।



ईरान के परमाणु संयंत्र पर दो बार हमले, युद्ध चौथे सप्ताह में प्रवेश

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि शनिवार को नतान्ज परमाणु संवर्धन संयंत्र पर हवाई हमला हुआ, लेकिन विकिरण रिसाव का कोई संकेत नहीं मिला। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ जब इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के चौथे सप्ताह में प्रवेश करने के साथ ही ईरान पर हमले तेज होंगे। एक वीडियो बयान में, काट्ज ने कहा कि आने वाले सप्ताह में ईरान के नेतृत्व के खिलाफ इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा किए जाने वाले हमलों की तीव्रता में काफी वृद्धि होगी। उनकी यह टिप्पणी तेल अवीव के पास एक खाली किंडरगार्टन में ईरानी मिसाइल के टुकड़ों के गिरने के तुरंत बाद आई। इजराइली सैन्य प्रवक्ता नादव शोशानी ने पर घटनास्थल का एक वीडियो साझा किया, जिसमें पुष्टि की गई ।

# समुद्र का 'साइलेंट किलर'!



**अमेरिका**

**भारत** की समुद्री संप्रभुता के लिए एक निर्णायक क्षण के रूप में, भारतीय नौसेना 3 अप्रैल, 2026 को अपने नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट, तारागिरी को कमीशन करने की तैयारी कर रही है। राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में होने वाला यह समारोह, आत्मनिर्भर नौसैनिक शक्ति बनने की दिशा में राष्ट्र की यात्रा का एक सशक्त प्रमाण होगा।

तारागिरी स्वदेशी शिपयार्ड की इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रतीक

प्रोजेक्ट 17अ श्रेणी के चौथे शक्तिशाली प्लेटफॉर्म के रूप में, तारागिरी केवल एक जहाज नहीं है; यह 6,670 टन का 'मेक इन इंडिया' भावना और हमारे स्वदेशी शिपयार्ड की परिष्कृत इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रतीक है।

तारागिरी पूर्ववर्ती डिजाइनों की तुलना में एक पीढ़ीगत छलांग

मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित, यह फ्रिगेट पूर्ववर्ती डिजाइनों की तुलना में एक पीढ़ीगत छलांग है, जो एक अधिक सुव्यवस्थित रूप और काफी कम रडार क्रॉस-सेक्शन प्रदान करता है, जिससे यह घातक स्टील्थ के साथ संचालन करने में सक्षम है। 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ, यह जहाज एक घरेलू औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता को दर्शाता है जो अब 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तक फैला हुआ है, जो भारत सरकार की आत्मनिर्भरता पहल में योगदान दे रहा है और हजारों भारतीय नौकरियों का समर्थन करता है।

तारागिरी को 'उच्च गति - उच्च सहनशक्ति' की बहुमुखी प्रतिभा के लिए डिजाइन किया

संयुक्त डीजल या गैस प्रणोदन संयंत्र द्वारा संचालित, तारागिरी को 'उच्च गति - उच्च सहनशक्ति' की बहुमुखी प्रतिभा और बहुआयामी समुद्री अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है। जहाज का हथियार संग्रह विश्व स्तरीय है, जिसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और एक विशेष पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली शामिल हैं।

# चैंपियन के लिए रूस के राष्ट्रपति ने तोड़ा प्रोटोकॉल, घुटनों के बल बैठकर चौंकाया



**रूस**

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में सुर्खियों में छाए हुए हैं, जब उन्हें पैरालंपिक चैंपियन इवान गोलुबकोव को सम्मानित करने के लिए घुटने टेकते हुए देखा गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, और गोलुबकोव को 2026 शीतकालीन पैरालंपिक खेलों में उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। खास बात यह है कि इवान गोलुबकोव को उनके प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह भी उल्लेखनीय है कि समारोह के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने इवान गोलुबकोव को मैत्री पदक से नवाजा, जो संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान और राष्ट्र को गौरव दिलाने वाली उपलब्धियों के लिए दिया जाने वाला सम्मान है। कोच इरिना ग्रोमोवा, अलेक्जेंडर नाजारोव, एलेक्सी टर्बिन और एलेक्सी कोबेलेव को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

हालांकि, दुनिया भर के दर्शकों के लिए सबसे यादगार पल पुतिन का घुटने टेककर इस स्टार खिलाड़ी को पुरस्कार देना था। गोलुबकोव के प्रति सम्मान और प्रशंसा का प्रतीक यह क्षण सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

इवान गोलुबकोव की उपलब्धि

खास बात यह है कि इवान गोलुबकोव ने 2026 शीतकालीन पैरालिंपिक खेलों में पुरुषों की 10 किमी क्रॉस-कंट्री स्कीइंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

# न्यूक्लियर प्लांट पर फिर हमला, क्या है पूरा मामला?

**संयुक्त राष्ट्र**

**ईरान** की आधिकारिक समाचार एजेंसी मिजान ने बताया कि शनिवार को ईरान के नतान्ज परमाणु संवर्धन संयंत्र पर हवाई हमला हुआ। एजेंसी ने कहा कि विकिरण रिसाव नहीं हुआ, जबकि मध्य पूर्व में युद्ध चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। ईरान के मुख्य संवर्धन केंद्र नतान्ज पर युद्ध के पहले सप्ताह में हमला हुआ था और उपग्रह चित्रों के अनुसार कई इमारतें क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही थीं। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने कहा था कि उस पहले हमले से कोई विकिरण संबंधी



परिणाम होने की उम्मीद नहीं है। तेहरान के दक्षिण-पूर्व में लगभग 220 किलोमीटर (135 मील) दूर स्थित इस परमाणु संयंत्र को जून 2025 में ईरान और इजराइल के बीच 12 दिनों तक चले युद्ध में इजराइली हवाई हमलों और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा निशाना बनाया गया था।

यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद हुआ है जिसमें उन्होंने कहा था कि वे मध्य पूर्व में सैन्य अभियानों को "कम करने" पर विचार कर रहे हैं, जबकि अमेरिका इस क्षेत्र में तीन और उभयचर हमलावर जहाज और लगभग 2,500 अतिरिक्त मरीन सैनिक भेज रहा है। ट्रम्प का शुक्रवार को सोशल मीडिया पर किया गया पोस्ट ईरान द्वारा विश्व भर में मनोरंजन और पर्यटन स्थलों पर हमले की धमकी और क्षेत्र में जारी हवाई हमलों, ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद आया है। अमेरिका की ओर से ये मिले-जुले संदेश तेल की कीमतों में एक और उछाल के बाद आए।

# भारत की जमीन इस्तेमाल की खबर नकली

**अमेरिका**

**भारत** के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक वायरल पोस्ट के बाद कड़ी चेतावनी जारी की है, जिसमें दावा किया गया था कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू करने के लिए भारत की धरती का उपयोग करने की अनुमति मांगी थी। यह स्पष्टीकरण विदेश मंत्रालय के आधिकारिक फैक्ट-चेक अकाउंट के माध्यम से सोशल मीडिया साइट एक्स पर जारी किया गया। यह वायरल दावा एक पत्रकार द्वारा फैलाया गया था, जिसने आरोप लगाया था कि अमेरिका सैन्य सहायता हेतु लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट के तहत पश्चिमी भारत का उपयोग करने पर विचार कर रहा है। पोस्ट में आगे कोंकण तट के पास संभावित समुद्री तैनाती की अटकलें लगाई गईं और इसे ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष से जोड़ा गया।

हालांकि, विदेश मंत्रालय ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ है। विदेश मंत्रालय के पोस्ट में कहा गया कि फर्जी खबर! कृपया सोशल मीडिया पर ऐसे झूठे और निराधार दावों और पोस्टों से सावधान रहें! यह दत्ता के उस पोस्ट के जवाब में था जिसमें लिखा था ब्रेकिंग न्यूजः अमेरिका ने भारत से एक सैन्य उपकरण को समर्थन देने की अनुमति मांगी है जिसका इस्तेमाल पश्चिमी भारत से ईरान पर बमबारी करने के लिए किया जाएगा। तकनीकी भाषा में इसका मतलब है छएटडअ की व्याख्या। उन्होंने आगे लिखा कि भारतीय नौसेना का कोई भी बंदरगाह इतना लंबा नहीं है कि नौ



फुटबॉल मैदानों के बराबर (होम गोल से रोमारियो किक तक) आकार वाले विमानवाहक पोत को वहाँ रखा जा सके। इसलिए, जब तक रसोई (किचन) तैयार नहीं हो जाती, तब तक यह लंगर पर ही रहेगा। अमेरिकी सैन्य संपत्ति कोंकण तट के पास लंगर पर रहेगी।

लेमोआ क्या है?

लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (लेमोआ) भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच 2016 में हस्ताक्षरित एक द्विपक्षीय लॉजिस्टिक्स समझौता है। यह दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं को ईंधन भरने, मरम्मत, आपूर्ति और विश्राम के लिए एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों तक प्रतिपूर्ति के आधार पर पहुंच की अनुमति देता है। हालांकि, यह एक-दूसरे की धरती पर सैनिकों की तैनाती या स्वचालित सैन्य अभियानों की अनुमति नहीं देता है, और प्रत्येक अनुरोध के लिए अलग-अलग अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# ईरान ने दिया करारा जवाब, परमाणु जंग की उलटी गिनती शुरू?

**ईरान**

**ईरान** के परमाणु केंद्रों पर हुए ताजा हमले ने पश्चिम एशिया को बारूद के ढेर पर खड़ा कर दिया है। नतांज स्थित परमाणु संवर्धन केंद्र पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले ने यह साफ कर दिया है कि यह संघर्ष अब खुली टकराहट में बदल चुका है। हालात इतने विस्फोटक हो चुके हैं कि दुनिया तीसरे वैश्विक संकट की दहलीज पर खड़ी नजर आ रही है। आज हुए इस हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी वार में कोई देर नहीं की। तेहरान ने इजराइल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर ईंधन टैंकों को निशाना बनाकर यह संदेश दे दिया कि वह झुकने वाला नहीं है। इतना ही नहीं, ईरान ने हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया सैन्य ठिकाने पर बैलिस्टिक मिसाइल दागकर अमेरिका और ब्रिटेन को सीधी चुनौती दे डाली। भले ही ये मिसाइल अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकीं, लेकिन उनका संदेश बेहद स्पष्ट था।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे खतरनाक पहलू ईरान का परमाणु भंडार है। रिपोर्टों के अनुसार ईरान के पास साठ प्रतिशत तक संवर्धित करीब चार सौ पचास किलोग्राम यूरेनियम मौजूद है। अमेरिका इस सामग्री को कब्जे में लेने की रणनीति बना रहा है, लेकिन यह काम इतना आसान नहीं है। अगर यह सामग्री किसी भी तरह युद्ध के बीच सक्रिय हो जाती है, तो इसके परिणाम पूरी मानवता के लिए विनाशकारी हो सकते हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि इजराइल ने तेहरान, इस्फहान और कराज जैसे प्रमुख शहरों पर ताजा हवाई हमले कर



ईरान के भीतर गहराई तक घुसपैठ की है। दूसरी ओर लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भी हमले तेज कर दिए गए हैं। इस युद्ध ने अब कई मोर्चे खोल दिए हैं, जिससे पूरा क्षेत्र अस्थिरता के भंवर में फंस गया है।

युद्ध का आर्थिक प्रभाव भी तेजी से सामने आ रहा है। अमेरिका ने तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों में अस्थायी ढील दी है। इसी के चलते भारत और एशिया के कई देश फिर से ईरान से तेल खरीदने की तैयारी में हैं। भारतीय रिफाइनरियां सरकार के निर्देश का इंतजार कर रही हैं। यह स्थिति साफ बताती है कि युद्ध केवल सैन्य नहीं बल्कि ऊर्जा और अर्थव्यवस्था का भी खेल बन चुका है।

उधर, मानवीय संकट भी भयावह रूप ले चुका है। ईरान में अब तक एक हजार चार सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें दो सौ से अधिक बच्चे शामिल हैं। वहीं लेबनान में इजराइली हमलों में हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। यह आंकड़े इस युद्ध की क्रूरता को उजागर करते हैं।

इस बीच, ब्रिटेन में भी हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। वहां के प्रधानमंत्री ने महंगाई और ऊर्जा संकट को लेकर आपात बैठक बुलाने का फैसला किया है। पेट्रोल, गैस और आवास लागत में तेजी से वृद्धि ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। यह दिखाता है कि यह युद्ध केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले रहा है।

रणनीतिक स्तर पर सबसे अहम मुद्दा हॉर्मुज जलडमरूमध्य का है। ईरान ने साफ कर दिया है कि यह मार्ग उनके दुश्मनों के लिए बंद है, जबकि मित्र देशों के जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिया जाएगा। यह वैश्विक व्यापार और तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। अगर यहां बाधा आती है, तो पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था हिल सकती है।